दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करणःटोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाये, सच के साथ ///
वर्ष : 13 | अंक : 18 टोंक | शुक्रवार,22 अगस्त, 2025 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-चतुर्दशी संवत्-2082 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | RNI NO. RAJHIN/2013/52026 | मूल्य : ₹ 2.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## 7 बजे खुलता है स्कूल, 7.30 बजे पहुंचे डीईओ तो गेट पर मिला ताला, बच्चे वापस लौटे, 8 बजे प्रिंसिपल पर गिरी गाज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी** (राकेश शर्मा)। गंगापुर सिटी के एक सरकारी स्कूल में बड़ी लापरवाही सामने आई है। सुबह-सुबह औचक निरीक्षण पर पहुंचे अधिकारी को स्कूल पर ताला लगा मिला। गौरतलब है कि राजस्थान में शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर लगातार कड़े निर्देश जारी कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। प्रदेश में कई ऐसे स्कूल हैं, जहां शिक्षकों की लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैये के चलते शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है। ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला गंगापुर सिटी के तलवाड़ा तहसील क्षेत्र से सामने आया है, जहां प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी खुद औचक निरीक्षण पर पहुंचे तो उनके सामने शिक्षा व्यवस्था की एक बेहद खराब तस्वीर सामने आई।

### सुबह 7.30 बजे अधिकारी पहुंचे, स्कूल पर ताला

प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीणा ने शिक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए तलवाड़ा तहसील क्षेत्र के कुछ स्कूलों का अचानक दौरा करने का फैसला किया। सुबह का वक्त था, जब स्कूल खुलने का समय होता है। मीणा सुबह 7.30 बजे कुनकटा कला पंचायत के कड़ी गांवड़ी स्थित एक



विद्यालय पहुंचे। लेकिन जो उन्होंने देखा, वह चौंकाने वाला था। स्कूल के गेट पर बड़ा सा ताला लटका हुआ था। बच्चे स्कूल के बाहर खड़े थे और इंतजार कर रहे थे कि कब उनके टीचर आएंगे और स्कूल का गेट खुलेगा। लेकिन जब काफी देर तक कोई नहीं आया, तो बच्चे निराश होकर वापस अपने घरों की ओर लौटते नजर आए। जिला शिक्षा अधिकारी लगभग आधा घंटा तक स्कूल के बाहर खड़े रहे और 7.58 तक भी कोई शिक्षक वहां नहीं पहुंचा। यह देखकर अधिकारी ने तुरंत पीईईओ स्कूल में फोन किया और शिक्षकों की छुट्टी के बारे में जानकारी ली। तब पता चला कि कोई भी शिक्षक छुट्टी पर नहीं है। यह सुनकर अधिकारी का गुस्सा और बढ़ गया।

### 8 बजे पहुंचीं दो शिक्षिकाएं, नहीं दिया कोई जवाब

आखिरकार, सुबह 8 बजे दो महिला शिक्षिकाएं विद्यालय पहुंचीं। इनमें प्रधानाध्यापिका का कार्यभार संभाल रहीं प्रबोधक शाहिना परवीन और शिक्षिका कलावती मीणा शामिल थीं। जब जिला शिक्षा अधिकारी ने उनसे देरी से आने का कारण पूछा तो उनके पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं था। उनकी इस लापरवाही से साफ जाहिर हो रहा था कि वे नियमों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से स्कूल चला रही थीं। ताला खुलने के बाद जब अधिकारी ने स्कूल में प्रवेश किया तो उन्हें अंदर भी कई खामियां मिलीं। उन्होंने प्रधानाध्यापिका को नियमों के तहत 17 सीसी के तहत चार्जशीट दी। वहीं, दूसरी शिक्षिका को भी नोटिस थमाया गया है।

### सिर्फ एक स्कूल नहीं, कई जगह खराब हैं हालात

यह लापरवाही सिर्फ एक स्कूल तक ही सीमित नहीं है। जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीणा ने अन्य स्कूलों का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय नानन वास का दौरा किया, जहां दो कमरे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मिले। इसके अलावा, यहां भी बच्चों के नामांकन की स्थिति अच्छी नहीं मिली। अधिकारी ने इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीणा ने कहा कि इस तरह के औचक निरीक्षण से जो लापरवाही सामने आई है, वह बेहद गंभीर है। शिक्षा के मंदिर में अगर शिक्षक ही समय पर नहीं आएंगे, तो भला बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे मिलेगी?

## जिला स्तरीय जनसुनवाई-अधिकारी जनसुनवाई में आएं लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें-कल्पना अग्रवाल

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी अधिकारी एवं कार्मिक परिवादियों की समस्याओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जिला कलेक्टर ने माह के तीसरे गुरुवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में विभिन्न उपखण्डों एवं ग्राम पंचायतों से आए परिवादियों की समस्याओं को सुना। साथ ही जिला अधिकारियों एवं वीसी से जुड़े ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर मौजूद रहे।

जनसुनवाई में टोंक के धन्नातलाई निवासी अजीज एवं सलमा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, उपखण्ड देवली के कंवरपुरा निवासी कमलेश वैष्णव, टोंक की शबाना, नगरफोर्ट के ग्राम भोजपुरा के माधोलाल एवं ग्राम गुराई की सरिता ने अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाई। तहसील टोंक के शुक्लपुरा निवासी रामावतार ने सीमाज्ञान कराने, पीपलू के सूरजमल ने म्यूटेशन खुलवाने, डाबरकलां की मोहिनी ने पेंशन दिलवाने, मेंहदीबाग टोंक निवासी कन्हेया लाल ने सीवरेज चेम्बर ठीक कराने, ग्राम लाम्बाकलां के छीतर लाल ने फसल खराब का मुआवजा दिलाने की




समस्याओं का निराकरण करने को लेकर शिकायत दी।

जनसुनवाई में जिला कलेक्टर को टोंक निवासी अनु ने छात्रवृति का लाभ दिलाने, ग्राम घांस के रामनिवास ने पेयजल समस्या, टोंक के सूरज मीणा ने एरियर बिल का भुगतान कराने, टोंक के राहुल ने आवारा जानवरो से निजात दिलाने जैसी समस्याओं के बारे में बताया।

जिला कलेक्टर ने सभी परिवादियों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को इनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा की समस्याओं के समाधान के पश्चात परिवादियों की संतुष्टि जानने के लिए दूरभाष पर बात करें। उन्होने कहा की सभी अधिकारी अपने कार्यालय में आने वाले परिवादियों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुने। जिन समस्याओं का समाधान किया जाना संभव नही हो उसके बारे में परिवादी को लिखित में जवाब दें।

जनसुनवाई में मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, एडीएम रामरतन सौकरिया, एडीएम मालपुरा विनोद कुमार मीणा, एडीएम बीसलपुर भूपेन्द्र यादव, सीएमएचओ शेलेन्द्र कुमार चौधरी, कोषाधिकारी हरीश लालावत, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक छोटू लाल बैरवा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

## खटीक समाज ने निवाई में पुलिसकर्मी से मारपीट मामले में दोषियों के खिलाफ कार्वाही की मांग



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** अखिल भारतीय खटीक समाज की ओर से गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में राज्यपाल एंव मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपकर निवाई में पुलिस कांस्टेबल से डयूटी के दौरान मारपीट करने एंव चाकसू में फ्ल विक्रेता बनवारी खटीक की मौत घटना की निष्पक्षता से जांच करके दोषी लोगो को गिरफ्तार करने की मांग की है।

समाज के मोतीलाल पहाडिया, रत्तीराम पहाडिया, एडवोकेट कमलेश चौहान, कमलेश खिंची, सोनु परिडवाल, पूर्व पार्षद कैलाश चावला, छोटू चंदेल, रतिराम खटीक, कन्हैयालाल टेपण, विनोद परिडवाल, राजेश चंदेल, विजय परिडवाल, पन्नालाल चंदेल, नरेन्द्र कुमार जग्रवाल, सुरेन्द्र चावला, मनोज राजोरा आदि ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में पुलिस उपाधीक्षक राजेश विधार्थी को दिये ज्ञापन में बताया कि 3 दिन दिन पूर्व निवाई में आन डयूटी ट्राफ्कि कांस्टेबल भागचन्द सामरिया पर कार चालक आशु गोड द्वारा मात्र कार साईड में लेने की बात पर अभद्रता कर मारपीट की घटना के बाद भी आरोपी को अभी तक हिरासत में नही लेने से समाज के लोगो में गहरा आक्रोश पनप रहा है। ज्ञापन में बताया कि इसी तरह चाकसू में नाजायज तरीके से फ्ल विक्रेता बनवारी लाल का पालिका कर्मियों द्वारा सामान जब्त करके प्रताडित किये जाने के बाद बनवारी लाल की हार्ट अटेक से मोत के पीछे दोषी लोगो को अभी तक पकडा नही गया है। समाज के लोगो ने दोनो घटनाओं पर नाराजगी जाहीर करते हुये तत्काल दोषी लोगो के खिलाफ कठोर एंव कानून सम्मत कार्वाही किये जाने की मांग की है।

## सामाजिक समरसता, सहयोग एवं संस्कारों का वाहक है विप्र फाउंडेशन - डॉ. अरुण चतुर्वेदी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी (राकेश शर्मा)।** वैश्विक स्तर पर ब्राह्मण समाज के सबसे बड़े संगठन विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन-1डी के तत्वावधान में समस्त पदाधिकारियों एवं विप्रजनों द्वारा शहर के नसिया कॉलोनी स्थित विजयलक्ष्मी ऑडिटोरियम में राजस्थान सरकार के नवनियुक्त राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी के गंगापुर प्रवास पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरुण चतुर्वेदी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दौसा क्रिकेट एसोसिएशन सचिव ब्रजकिशोर उपाध्याय, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित, भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान जोन-1डी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा ने की। समारोह के प्रारंभ में कुहू इंटरनेशनल विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन-1डी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. हेमन्त शर्मा के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष दिलीप तिवाड़ी, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा, प्रदेश सचिव विष्णु गुरुजी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविन्द पाराशर,



करौली जिला अध्यक्ष शिवचरण शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष धनेश शर्मा, महामंत्री राजेन्द्र सहारीया, संगठन मंत्री मदनमोहन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष गोविन्द सहाय शर्मा, हर्ष गौतम, डॉ. विजय गोपाल सहित समस्त पदाधिकारियों एवं विप्रजनों द्वारा 21 किलो की पुष्पमाला एवं पारंपरिक साफा पहनाकर मुख्य अतिथि डॉ. चतुर्वेदी का भव्य सम्मान किया गया।

इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य विप्रजन भी उपस्थित रहे, जिनमें नरेश शर्मा कंपाउंडर, जुगल किशोर शर्मा, कौशल पाराशर, महेंद्र लोढ़ी, डॉ. मिथिलेश शर्मा, राधा दीक्षित, सावित्री शर्मा, दुर्गेश शर्मा, व्यग्र पाण्डेय, राजेश शर्मा आचार्य, गिरीश शर्मा, हरिओम शर्मा, सूर्यप्रकाश शर्मा, अशोक शर्मा, वासुदेव शर्मा, सुदर्शन शर्मा सहित अनेक ब्रह्मजन शामिल थे।

## चौथ का बरवाडा से बनेठा आ रही 33 केवी विद्युत केबल टूटने से बंद रही एक दर्जन गांवो की बिजली

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** चौथ का बरवाडा से बनेठा आ रही 33 केवी विधुत लाईन मे बुधवार रात्रि लगभग एक बजे बारिश में अचानक फाल्ट आकर केबल टूट जाने से बनेठा सहित आसपास के एक गांवो की बिजली सप्लाई रातभर बन्द रही । 33 केवी विधुत लाईन की केबल टूटने के कारण बिजली रातभर बंद रहने से ग्रामीणो को भीषण परेशानी का सामना करना पड़ा। निगम कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार दोपहर पश्चात चार बजे केबल को दुरुस्त किया तब जाकर कस्बे सहित आसपास के गांवो मे बिजली सप्लाई बहाल हो पाई । प्राप्त जानकारी के अनुसार चौथ का बरवाडा से बनेठा के बीच आ रही 33 केवी विधुत लाईन मे बुधवार रात को अचानक आई बारिश मे फाल्ट आकर केबल टूट गई जिसके कारण बिजली सप्लाई बुधवार रात भर बन्द रहने से ग्रामीणो को परेशानी का सामना करना पड़ा । निगम के कर्मचारियो द्वारा गुरुवार दोपहर चार बजे केबल को ठीक किया गया उसके बाद बिजली सप्लाई सुचारू हो पाई तब जाकर ग्रामीणो को राहत मिल सकी । बुधवार रात लगभग एक बजे बरसात के बाद चौथ का बरवाड़ा से बनेठा आ रही 33 केवी विधुत लाईन मे बिजली केबल टूट जाने से बनेठा ,मीणौ की झोपडिया ,टाटीथली,कैरोद ,सैदरी ,रधुनाथपुरा ,किशनगंज,रमजानगंज ,सरदारपुरा ,फ्तेहगंज ,श्रीपुरा, बून्दी, हरदत्तपुरा, मालियो की झोपडिया, कीरो की झोपडिया, सुरेली, कुण्डेर, चितानी, सूथंड़ा ,रूपपुरा ,रूपवास, संग्रामपुरा, गुदलिया, कल्याणपुरा, नादिया सहित कई ग्रामों मे बुधवार रातभर एवं गुरूवार दिनभर बिजली सप्लाई बंद रही ।

## पर्यटकों को छोड़कर नहीं जा सकेंगे ड्राइवर और गाइड
### सफारी के दौरान ड्राइवर और गाइड के लिए SOP जारी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व में सफारी के दौरान ड्राइवर और गाइड के लिए सोप जारी की गई है। रणथंभौर टाइगर रिजर्व में हाल ही में सफारी के दौरान कैंटर खराब हो गया था। जिससे जंगल में पर्यटक फंस गए थे। वन विभाग ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। इसके चलते रणथम्भौर के चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट अनूप के.आर. ने पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर सोप जारी की है। इसे लेकर एक नया आदेश जारी किया है। अब सफारी वाहन के जंगल में ब्रेकडाउन या खराब हो जाने की स्थिति में गाइड और वाहन ड्राइवरों को पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।

### किसी भी हालत में पर्यटकों को जंगल में अकेला नहीं छोड़ेंगे

जारी आदेश के अनुसार सफारी वाहन खराब होने की स्थिति में गाइड और चालक किसी भी हालत में पर्यटकों को जंगल में अकेला नहीं छोड़ेंगे। सबसे पहले आसपास चल रहे अन्य सफारी वाहन के गाइड या ड्राइवर को स्थिति की सूचना देनी होगी, ताकि वह तत्काल नजदीकी चौकी या एंट्री गेट तक संदेश पहुंचा सके।

### यह कार्रवाई कर सकता है विभाग

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोप का पालन नहीं करने वाले संबंधित गाइड, ड्राइवर के प्रवेश पर कम से कम एक माह के लिए प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

जिला स्तरीय जनसुनवाई

## संभागीय आयुक्त और जिला कलक्टर ने सुनी आमजन समस्याएं



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** पारदर्शी प्रशासन की स्थापना एवं जन समस्याओं के त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से गुरुवार को संभागीय आयुक्त भरतपुर डॉ. टीना सोनी की अध्यक्षता एवं जिला कलक्टर काना राम उपस्थित में सतर्कता समिति की बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संतुष्टि स्तर और औसत निस्तारण समय में सुधार के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर काना राम ने चेतावनी दी कि यदि किसी विभागीय अधिकारी द्वारा जनसुनवाई प्रकरण का 14 दिन से अधिक समय तक निस्तारण नहीं किया गया तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इस जनसुनवाई में अतिक्रमण हटाने, सीमाज्ञान, रास्ता खुलवाने, पाइपलाइन डलवाने, पेंशन लाभ दिलवाने, निर्माण कार्य में बाधा, जन्म प्रमाण पत्र, बिजली, सड़क, पट्टा वितरण, मूल वेतन पर संशोधित पेंशन का लाभ दिलवाने, पुलिया निर्माण करवाने, जलभराव की समस्याओं से संबंधित कुल 101 प्रकरण प्राप्त हुए। इनमें से कई मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया, शेष के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

बैठक एवं जनसुनवाई के दौरान जिला परिषद सीईओ गौरव बुड़ानिया, पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, उप वन संरक्षक एवं उपक्षेत्र निदेशक प्रथम रामानंद भाकर, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बी.एल. मीना, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी बी.एस. मीना, सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। वहीं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

## ट्रांसपोर्ट यूनियन ऑपरेटर्स के साथ बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** परिवहन एवं सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय के द्वारा संयुक्त रूप से जिले के निवाई एवं टोंक स्थित ट्रांसपोर्ट यूनियन ऑपरेटर्स के साथ मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कस अधिनियम, 1961 के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर ऑपरेटर्स को मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कस अधिनियम 1961 के अन्तर्गत श्रम विभाग में पंजीयन कराने के बारे में बताया गया। साथ ही सभी ऑपरेटर्स को निर्देषित किया गया कि कार्यरत कार्मिकों से प्रतिदिन 8 घण्टे एवं सप्ताह में अधिकतम 48 घण्टे से अधिक कार्य नहीं कराया जावें। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी वाहन मालिकों को परिवहन विभाग की ई-डिटेंषन प्रणाली के बारे में जानकारी दी।

## पदयात्रियों का निवाई में किया भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई, ( का.स. )।** ग्राम रजवास से शीतला माता पदयात्रा संघ मंडल के तत्वावधान में चतुर्थ पदयात्रा श्री शीतला माता पदयात्रा श्री तेजाजी मंदिर से रवाना होकर निवाई पहुंचने पर माला पहनाकर स्वागत किया गया। बाबूलाल सैनी, राजू लाल सैनी, सूरज गुर्जर, मदन गुर्जर, दिलीप सिंह, मनराज प्रजापत, अशोक पारीक, छितर गुर्जर, मुकेश जाट, किशन लाल जाट, सत्यनारायण जाट, लोकेश पारिक सहित कई गणमान्य लोगों ने यात्रा का माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर के स्वागत किया गया।

## विश्व बंधुत्व दिवस 24 को, होगा विशाल रक्तदान शिविर टोंक में

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** ब्रह्माकुमारीज के राजयोग भवन में 24 अगस्त को विश्व बंधुत्व विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें टोंक शहर के अनेक मानव कल्याणकारी संगठन सहभागिता निभा रहे है स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वी पुण्य स्मृति दिवस को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, इस दिवस को संस्थान द्वारा पूरे भारत में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएगें। जिसके तहत स्थानीय सेवा केंद्र राजयोग भवन टोंक में भी 24 अगस्त,रविवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। जिसमें श्री व्यापार संघ,भारत विकास परिषद, रेड क्रॉस संस्थान, भगतसिंह जीवनदाता संस्थान,रेड डोनर्स संस्थान तथा अनेक सामाजिक संगठन के सदस्य, स्थानीय नागरिक, कॉलेजो के स्टूडेंट व एनसीसी कैडेट शामिल होंगे।

## सम्पादकीय

# गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तारी के बाद पद छोड़ने वाली व्यवस्था पर इतना हंगामा क्यों?

गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार या हिरासत में लिए जाने पर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री या मंत्रियों को पद से हटाने के प्रविधान वाले विधेयकों पर लोकसभा में विपक्ष का जरूरत से ज्यादा हंगामा समझ नहीं आया। यह अच्छा हुआ कि गृहमंत्री अमित शाह ने अपनी ओर से इन विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ने स्वीकार भी कर लिया। कम से कम अब तो विपक्ष को विरोध के सुर थाम कर इस पर विचार करना चाहिए कि आखिर ऐसी कोई व्यवस्था क्यों नहीं बननी चाहिए, जिससे उच्च पदों पर बैठे लोगों की गंभीर मामलों में गिरफ्तारी अथवा उन्हें हिरासत में लिए जाने पर उनके लिए पद छोड़ना आवश्यक हो जाए? जो पहल की जा रही है, उसमें यह कहा गया है कि केंद्र सरकार अथवा केंद्रशासित प्रदेशों में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन लोगों को तब अपना पद छोड़ना होगा, जब उन्हें किसी संगीन मामले में गिरफ्तार किया जाता है अथवा हिरासत में लिया जाता है। यह रियायत दी गई है कि ऐसी स्थिति में इन व्यक्तियों को 30 दिनों के अंदर इस्तीफा देना होगा। इस समयसीमा के अंदर इस्तीफा न देने पर उन्हें स्वत: पदमुक्त माना जाएगा। आखिर ऐसी किसी व्यवस्था में समस्या क्या है? क्या इसकी अनदेखी कर दी जाए कि महत्वपूर्ण पदों पर बैठे व्यक्तियों पर गंभीर आरोप लगते हैं और कई बार प्रथमदृष्ट्या वे सही भी दिखते हैं, लेकिन कोई इस्तीफा देने की पहल नहीं करता। एक समय ऐसा ही होता था। इस संदर्भ में गृहमंत्री अमित शाह ने स्वयं अपना उदाहरण दिया कि जब उन्हें गुजरात के मंत्री रहते गिरफ्तार किया गया था तो उन्होंने त्यागपत्र दे दिया था। क्या ऐसा अन्य नेताओं को नहीं करना चाहिए? एक वक्त यही परंपरा थी और इसका निर्वाह कई नेताओं ने किया। बतौर उदाहरण लालकृष्ण आडवाणी ने जैन हवाला कांड में अपना नाम आने पर लोकसभा से त्यागपत्र देने के साथ यह घोषणा भी की थी कि जब तक वे दोषमुक्त नहीं हो जाते, तब तक संसद नहीं लौटेंगे। उन्होंने ऐसा ही किया। ऐसे उदाहरण कुछ और नेताओं ने भी प्रस्तुत किए। अब स्थिति यह है कि नेतागण गंभीर मामलों में गिरफ्तार होने और जेल जाने पर भी इस्तीफा देने की जरूरत नहीं समझते। अब तो वे जेल से ही सरकार चलाने का दम भरते हैं और ऐसा कर भी चुके हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविंद केजरीवाल ने ऐसा ही किया था। जमानत मिलने के बाद वे तब इस्तीफा देने को बाध्य हुए, जब बतौर मुख्यमंत्री उनके लिए कार्य करना कठिन हो गया। क्या विपक्ष यह चाहता है कि राजनीति में शुचिता और नैतिकता की स्थापना के लिए कुछ भी न किया जाए?

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 22 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फ्रांस के कैथोलिक और प्रोटेस्टेन्ट ईसाइयों के बीच अंतिम युद्ध 1627 में हुआ।
- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1639 में तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई (तत्कालीन मद्रास) की स्थापना की।
- रुस, डेनमार्क और पोलैंड के बीच 1698 में त्रिकोणीय संधि हुई जो स्वीडन के विरोध में थी।
- एन। फ्रेंकलिन 1762 में अमेरिकी अखबार न्यूपोर्ट आर आई, मर्करी की पहली महिला संपादक बनी।
- अमेरिका ने 1848 में न्यू मैक्सिको पर कब्जा किया।
- ऑस्ट्रिया ने 1849 में इटली के शहर वेनिस में चालक रहित गुब्बारों से पहला हवाई हमला किया।
- ऑस्ट्रेलिया में सोने के क्षेत्रों की खोज 1851 में हुई।
- नेटाल भारतीय कांग्रेस की स्थापना महात्मा गाँधी द्वारा 1894 को की गई थी।
- जापान ने पांच साल तक कोरिया का संरक्षण करने के बाद उस पर 1910 में कब्जा किया।
- ब्रिटिश और जर्मन सैनिकों के बीच 1914 को बेल्जियम में पहली मुठभेड़ हुई।
- भारत के पहले प्रवीण पायलट इन्द्रलाल राय 1918 में प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान लंदन में जर्मनी के साथ हवाई लड़ाई में मारे गए।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1921 में विदेशी वस्त्रों की होली जलाई।
- जनरल माइकल कोलिन्स की पश्चिम कॉर्क में 1922 को हत्या कर दी गई।
- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और चीन के प्रतिनिधियों ने 1944 में संयुक्त राष्ट्र के गठन की योजनाओं को लेकर मुलाकात की।
- विश्व के पहले परमाणु सम्पन्न समुद्री जहाज़ ने 1962 में वर्जीनिया से जॉर्जिया तक की यात्रा पूरी की।
- अमेरिका में 1969 को समुद्री तूफान आने से 255 लोगों की मौत।
- केन्या के पहले राष्ट्रपति जोमो केन्याता का 1978 में 83 साल की उम्र में निधन हुआ।
- राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी ने 1979 में लोकसभा भंग की।
- राज्य सरकार ने 1996 में मद्रास का नाम बदलकर चेन्नई कर दिया।
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक की कार्य योजना 1999 को लागू हुई।
- काठमांडू में सार्क विदेश मंत्रियों का सम्मेलन 2002 को सम्पन्न, नेपाल में हवाई दुर्घटना में 16 व्यक्ति मारे गये।
- मिस्र के पुरातत्वविदों ने 2007 में पश्चिम रेगिस्तान के सिवा क्षेत्र में लगभग 20 लाख साल पुराने मानव के पद-चिह्नों का पता लगाया।
- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की मरम्मत के लिए दो सप्ताह के मिशन पर गया अंतरिक्ष यान एण्डेवर फ़्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर पर 2007 को सुरक्षित उतरा।

मध्य प्रदेश सरकार ने 2008 में बनवासियों के लिए साधारण वन अपराध मामले और मुआवजा वसूली खत्म करने का निर्णय लिया।

सीरिया के गृहयुद्ध में 2012 को 47 लोग मारे गए।

केन्या में दो जनजातीय समूह के बीच 2012 को युद्ध में 48 लोग

## विशेष आलेख

# विधेयक पर हंगामा क्यों.... जब मुद्दा है राजनीतिक शुचिता का



ललित गर्ग

गंभीर आपराधिक आरोपों में घिरे नेता चाहे वे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं मंत्री ही क्यों न हो, उनकी गिरफ्तारी या हिरासत के बाद एक निश्चित अवधि बीत जाने पर हटाने की व्यवस्था वाले विधेयक को जब केन्द्र सरकार ने लोकसभा में प्रस्तुत किया तो जरूरत से ज्यादा हंगामा एवं विरोध समझ में नहीं आया। इस तरह ईमानदार, अपराधमुक्त राजनीति एवं चरित्रसम्पन्न-पवित्र राजनेताओं की पैरवी वाले विधेयक पर हंगामा लोकतंत्र की गरिमा को आहत करता है। गृहमंत्री अमित शाह ने सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी ओर से इन विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार भी कर लिया, अब तो विपक्ष को विरोध एवं हंगामें को विराम देते हुए इस पर विचार करना चाहिए कि आखिर ऐसी ईमानदार, समानतापूर्ण एवं आदर्श व्यवस्था क्यों नहीं बननी चाहिए, जिससे उच्च पदों पर बैठे नेताओं के गंभीर अपराधों में गिरफ्तारी अथवा हिरासत में लिये जाने पर उनके लिये पद छोड़ना आवश्यक हो जाये? आखिर इस आदर्श व्यवस्था में समस्या क्या है? क्यों विपक्ष नैतिक एवं आदर्श राजनीतिक व्यवस्था में अवरोधक बनकर अपने नैतिक चरित्र पर प्रश्न खड़े कर रहा है? क्या इस विधेयक का असर सत्तापक्ष के नेताओं पर नहीं होगा? आजादी के बाद से कतितय राजनीतिक विसंगतियों के चलते राजनीति में अपराधी तत्वों का वर्चस्व बना रहा है। जनता यह अपेक्षा करती है कि जिन्हें वह अपना प्रतिनिधि चुनती है, वे अपराधमुक्त, निष्कलंक, ईमानदार और चरित्रवान हों। परन्तु स्थिति इसके विपरीत दिखती रही है। एक ओर जनप्रतिनिधि अपराधों में संलिप्त पाए जाते हैं, दूसरी ओर वे पद से इस्तीफा देने या सार्वजनिक जीवन से दूर रहने के बजाय सत्ता की कुर्सी से चिपके रहते हैं।

यही प्रवृत्ति जनता के विश्वास को तोड़ती है और राजनीति को संदेह के घेरे में डाल देती है। यह प्रश्न अब और गंभीर हो उठा है कि क्या ऐसे व्यक्तियों को शासन और सत्ता के उच्च पदों पर बने रहने का अधिकार होना चाहिए? क्या लोकतंत्र का आधार अपराध और भ्रष्टाचार पर खड़ा किया जा सकता है? निश्चित ही नहीं। जब तक राजनीति से अपराधी तत्वों का निष्कासन नहीं होगा, तब तक न तो सुशासन स्थापित हो सकता है न ही नया भारत, विकसित भारत एवं आदर्श भारत बन सकता है और न ही राजनीति के प्रति जनता का भरोसा लौट सकता है।

आज समय आ गया है कि नए कानून बनाकर राजनीति को अपराधमुक्त बनाने की दिशा में ठोस एवं कारगर कदम उठाए जाएं। यह केवल चुनाव सुधार का मामला नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा को बचाने का प्रश्न है। ऐसे प्रावधान होने चाहिए कि जिस क्षण कोई जनप्रतिनिधि गंभीर अपराध में आरोपित होकर जेल भेजा जाए या आरोप सिद्ध होने तक हिरासत में रहे, वह स्वचालित रूप से अपने पद से मुक्त हो जाए। इस्तीफे की प्रतीक्षा या राजनीतिक दबाव की आवश्यकता ही न रहे। अनेक नेताओं ने ऐसा आदर्श प्रस्तुत भी किया, लेकिन आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा आदि अनेक पार्टियों के नेताओं ने जेल से सरकारें चलाने एवं मंत्री पद पर बने रहने के काले अध्याय रचे हैं, इसी के चलते इस नये विधेयक की अपेक्षा सामने आई। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में स्वच्छ राजनीति केवल आदर्श नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। जब सत्ता और शासन के केंद्र में अपराधी मानसिकता के लोग बैठते हैं, तो वे शासन को अपने स्वार्थ और अपराधों की ढाल बना लेते हैं। इससे न केवल लोकतांत्रिक व्यवस्था खोखली होती है, बल्कि आम जनता का जीवन भी संकट में पड़ता है। भ्रष्टाचार, धनबल, बाहुबल, भाई-भतीजावाद, हिंसा और अनैतिकता का वातावरण उसी समय पनपता है, जब राजनीति अपराधियों के कब्जे में जाती है। ईमानदार और स्वच्छ छवि वाले नेताओं की मांग आज पहले से अधिक बढ़ गई है। जनता ऐसे नेतृत्व की तलाश में है जो अपने आचरण से उदाहरण प्रस्तुत करे। राजनीति यदि सेवा और त्याग का माध्यम बनेगी तो ही समाज का कल्याण होगा। जिन नेताओं पर जरा भी संदेह का धुंधलका हो, उन्हें स्वयं स्वेच्छा से पद छोड़ देना चाहिए। यही परंपरा राजनीति को उच्चता और गरिमा प्रदान कर सकती है।

अपराधमुक्त राजनीति केवल नैतिक अपेक्षा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूरी है। जब तक राजनीति में शुचिता और नैतिकता का स्थान नहीं बनेगा, तब तक सुशासन और ईमानदार प्रशासन की कल्पना अधूरी ही रहेगी। नए कानूनों का निर्माण कर अपराधियों के लिए राजनीति के दरवाजे बंद करना समय की सबसे बड़ी मांग है। यह कदम न केवल लोकतंत्र को सुदृढ़ करेगा, बल्कि जनता के भीतर यह विश्वास भी जगाएगा कि राजनीति वास्तव में लोककल्याण के लिए है, न कि अपराधियों की शरणस्थली। यही अपराधमुक्त राजनीति का दर्शन है, जहां सत्ता अपराधियों का आश्रय-स्थल न होकर समाज की नैतिक ऊर्जा का केंद्र बने। यही उसकी सबसे बड़ी उपयोगिता है कि वह लोकतंत्र को उसकी वास्तविक आत्मा लौटाए और राजनीति को सेवा, शुचिता और ईमानदारी का प्रतीक बनाए। भारतीय लोकतंत्र में पिछले कुछ वर्षों से राजनीति और अपराध के गठजोड़ को लेकर गहरी चिंता लगातार उठती रही है। जनता बार-बार यह अपेक्षा करती है कि जिन्हें वे संसद और विधानसभा भेजते हैं, वे न केवल ईमानदार और पारदर्शी हों बल्कि उनके चरित्र और आचरण पर कोई दाग न हो। किंतु बार-बार यही देखने को मिलता है कि गंभीर आपराधिक मामलों में फंसे नेता भी उच्च पदों पर बने रहते हैं और शासन-सत्ता का उपयोग अपने बचाव के लिए करते हैं। इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश किया गया नया विधेयक (संविधान का 130वां संशोधन) एक ऐतिहासिक कदम माना जा सकता है, केन्द्र सरकार इन विधेयकों को भ्रष्टाचार एवं अपराध विरोध बता रही है, जबकि विपक्ष इससे सहमत नहीं। उनकी असहमति अनेक प्रश्नों को खड़ा कर रही है कि आखिर विपक्ष दागियों की वकालत करते हुए वह स्वयं भी दागी क्यों बन रही है? आशंका जताई जा रही है कि यदि यह संशोधन पारित हो गया तो विपक्ष-शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और मंत्री अस्थिर हो सकते हैं, उनके पद संकट में पड़ सकते हैं। दरअसल यह विरोध केवल विधेयक का नहीं बल्कि अपनी राजनीतिक सुविधा, अपनी सत्ता बचाने और सुरक्षा का है। प्रश्न यह उठता है कि क्या विपक्ष वास्तव में अपराधमुक्त राजनीति नहीं चाहता? क्या केवल सत्ता में बने रहने के लिए राजनीति को अपराधियों का अड्डा बनाए रखना आवश्यक है?

# वैज्ञानिक आत्मनिर्भरता और तकनीकी क्षमता का प्रतीक- अग्नि-5 का सफल परीक्षण



सुनील कुमार महला

**20 अगस्त 2025 को भारत ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया है। वास्तव में यह भारत की एक बड़ी उपलब्धि है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इस परीक्षण ने भारत की सामरिक क्षमता में वृद्धि और विश्वसनीय न्यूनतम निरोध (क्रेडिबल मिनिमम डेटेरेंस) बनाए रखने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है।**

पाठकों को बताता चलूं कि एमआईआरवी तकनीक(मल्टी अड्डे क्षमता) वाली अग्नि-5 मिसाइल कई ठिकानों पर हमला करने के साथ ही उसे पलक झपकते ही तबाह कर सकता है। दूसरे शब्दों में कहें तो एमआईआरवी क्षमता एक ही मिसाइल से एक से अधिक लक्ष्यों पर प्रभाव डालने की क्षमता है, जिससे दुश्मन की विरोधी रणनीतियों का मुकाबला कारगर ढंग से किया जा सकता है। यह मिसाइल आईसीबीएम / इंटर-मीडियाल्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल श्रेणी की है,जिसकी रेंज 5,000-8,000 किमी तक; हालिया वेरिएंट लगभग 7,000 किमी क्षमता के साथ भी रिपोर्ट की गई है।सरल शब्दों में कहें तो इस मिसाइल की मारक क्षमता 5,000 किलोमीटर से अधिक है तथा इसे 8,000 किलोमीटर तक बढ़ाया जा सकता है। अमेरिका को छोड़कर पूरे एशिया, अफ्रीका और यूरोप को निशाना बनाया जा सकता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों की भारत के इस मिसाइल परीक्षण ने नींद उड़ाई दी है।पश्चिमी देशों की रणनीतिक नज़र भी इस पर है, क्योंकि भारत के पास अब अपनी आईसीबीएम क्षमता है।इसकी प्रणाली की यदि हम यहां पर बात करें तो इसमें तीन-स्तरीय ठोस ईंधन, सड़क-मोबाइल, कैनिस्टर आधारित लॉन्चर मौजूद है तथा वारहेड क्षमता लगभग 1,500-1,650 किलोग्राम है।सरल शब्दों में कहें तो रोड-मोबाइल लॉन्चर से इसका(अग्नि-5) का प्रक्षेपण आसानी से हो सकता है तथा यह स्वदेशी तकनीक पर आधारित है। पाठकों को बताता चलूं कि परीक्षण के दौरान समुद्र में तैनात जहाजों, राडारों ने मिसाइल की उड़ान का वास्तविक समय में आकलन किया है।एमआईआरवी तकनीक समर्थित एक मिसाइल से कई स्वतंत्र लक्ष्य निशान किए जा सकते हैं।इसकी गति या स्पीड लगभग मैक 24 (929,400 किमी/घंटा) है, यानी कि आवाज की गति से 24 गुना ज्यादा। इसमें आरएलजी-आइएनएस यानी कि रिंग लेजर जिनरोस्कोप-इर्शियल नेविगेशन सिस्टम तथा मल्टी जीएनएसएस यानी कि ग्लोबल नेविगेशन सेटेलाइट सिस्टम लगा है। अग्नि-5 मिसाइल के वज़न और आकार की यदि हम यहां पर बात करें तो अग्नि-5 मिसाइल की लंबाई 17 मीटर और चौड़ाई 2 मीटर है तथा इसका वजन करीब 50 टन है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इस मिसाइल के परीक्षण के साथ ही भारत अब उनसे देशों की सूची में शामिल हो गया है जिनके पास एमआईआरवी-युक्त आईसीबीएम है, जैसे कि अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस आदि। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि अग्नि-5 के परीक्षण से भारत अब उन चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है, जिनके पास आईसीबीएम क्षमता है। आईसीबीएम का मतलब है अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल(इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल)। पाठकों को बताता चलूं कि इनकी रेंज 5000 किलोमीटर से अधिक होती है। डीआरडीओ द्वारा विकसित यह मिसाइल भारत की रक्षा अनुसंधान ताकत और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

बढ़ता राजस्थान

# असर दिखाएगी साख पर सवाल उठाने वालों पर आयोग की सख्ती

सत्ता के लिए छटपटा रही कांग्रेस के असल प्रमुख राहुल गांधी की यात्रा 'चौकीदार चोर है' से 'वोट चोरी' तक पहुंच गई है। 'चौकीदार चोर है' को लेकर अदालत में माफी मांग चुके राहुल गांधी के सामने पहले की ही तरह संकट आ गया है। वोट चोरी की अवधारणा को जिस तथ्य के आधार पर वे भारतीय जनमानस में परोसने की कोशिश में जुटे हैं, उस तथ्य के जनक ने ना सिर्फ अपना तथ्य वाला ट्वीट डिलीट कर दिया है, बल्कि एक तरह से माफी भी मांग ली है। यह बात और है कि इस तथ्य के जनक और सीएसडीएस-लोकनीति के निदेशक संजय कुमार की माफी से चुनाव आयोग नहीं पसीजा है। दिलचस्प यह है कि कांग्रेस के बड़बोले प्रवक्ता पवन खेड़ा भी अपना ट्वीट डिलीट करके मैदान से भाग खड़े हुए हैं। हालांकि राहुल गांधी बिहार की धरती पर अपने तेजस्वी भाई के साथ अब भी इसी नैरेटिव के साथ घूम रहे हैं। चुनाव आयोग के रूख से नहीं लगता कि वे वोट चोरी के कथित आरोप और चुनावी आंकड़ों की हेराफेरी को लेकर मामला दर्ज कराने जा रहा है। लेकिन इतना तय है कि चुनाव आयोग के रडार पर कुछ और लोग, उनके पिछलग्गू यू ट्यूबर और कुछ पत्रकार भी हैं। आयोग उनकी गलतबयानियों पर गौर कर रहा है और लगता ऐसा है कि उनके खिलाफ भी मामले दर्ज किए जाएंगे। इस हालत में सवाल उठता है कि क्या राहुल गांधी एक बार फिर 'चौकीदार चोर है' को लेकर जिस तरह माफी मांग चुके हैं, वैसे क्या 'वोट चोरी' को लेकर भी माफी मांगेंगे? चूंकि वे देश के पहले राजनीतिक परिवार के वारिस हैं, लिहाजा हो सकता है कि माफी ना मांगने की हवाबाजी करें। ठीक है कि उनके खिलाफ आयोग सीधे मामला ना दर्ज करना चाहे, लेकिन आयोग के तथ्यों और संजय कुमार के रणछोड़ कदम की बुनियाद पर कोई न कोई व्यक्ति अदालत की शरण में जा सकता है। ऐसे में राहुल के सामने माफी मांगने की ही नौबत आएगी।

## Today

बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | | 8 | | | | | 5 |
| 2 | | | | | | 6 | 8 | |
| | 8 | | | | 1 | | | |
| | | | | 4 | | 7 | | |
| | | | 5 | | 6 | | | |
| | | 6 | | 7 | | | | |
| | | | 1 | | | | 7 | |
| | 4 | 2 | | | | | | 9 |
| 9 | | | | | 7 | | 2 | 3 |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 | 1 | 3 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 1 |
| 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 5 | 4 |
| 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

**वृष**

मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी। काम समय से पूरा नहीं होगा।

**मिथुन**

आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

**कर्क**

आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें। इससे आपका आर्थिक स्तर मजबूत बनेगा।

**सिंह**

दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

**कन्या**

प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

**तुला**

जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हालांकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

**वृश्चिक**

अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**धनु**

महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**मकर**

आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

**कुंभ**

मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ

**मीन**

अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

# गीता पढे, जीवन को सार्थक बनाएं- देवनानी

**गीता मनीषी स्वामी ज्ञानान्द ने गीता सत्संग किया**

## देवनानी ने कहा कि गीता व रामायण घर में रखें, संवाद करें और निराशा को दूर करें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा है कि गीता पढें और निराशा व कुण्ठा को समाप्त कर जीवन को सार्थक बनाएं। उन्होंने कहा कि रामायण व गीता जीवन जीने के लिए कर्म प्रधान ग्रंथ है। देवनानी ने अभिभावकों का आव्हान किया कि वे इन दोनों ग्रंथों को घर में रखें। अपने बच्चों को इनका अध्ययन कराएं। इससे निराशा व कुण्डा समाप्त होगी और जीवन जीने की प्रेरणा मिलेगी।

देवनानी गुरूवार को यहां कॉन्स्टिटयूशन क्लब ऑफ राजस्थान में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानान्द के दिव्य गीता सत्संग समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। देवनानी ने स्वामी ज्ञानान्द का शॉल ओढाकर अभिवादन किया। समारोह में आनन्द पोद्धार ने देवनानी का पुष्प गुच्छ भेंट कर और शॉल ओढाकर अभिनन्दन किया।

देवनानी ने कहा कि सनातन संस्कृति का वातावरण राष्ट्र को अनुकूल बना रहा है। राष्ट्र नेतृत्व भारत को सनातन संस्कृति के साथ प्रगति की ओर बढा रहा है। भारत शीघ्र ही विश्व गुरू बन जाएगा। श्री देवनानी ने बताया कि उन्होंने अपने शिक्षा मंत्री के कार्यकाल में विद्यालयों में गीता ग्रंथ भिजवाये थे। देवनानी ने नैतिकता की शिक्षा की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कहा कि नैतिक शिक्षा के लिए गीता अध्ययन जरूरी है। इस अवसर पर श्री जसवीर सिंह, श्री योगी मनीष, हेमन्त सेठीया सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर फोटोग्राफी महाकुंभ 24 अगस्त को

**24 से 26 अगस्त तक होगा तीन दिवसीय नज़र फोटोग्राफी एग्जिबिशन का भव्य आयोजन**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जयपुर में तस्वीरों का महाकुंभ लगने जा रहा है। राजस्थान की सबसे बड़ी फोटो एग्जिबिशन जवाहर कला केंद्र की सहभागिता व राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर में एक बार फिर बहुप्रतीक्षित फोटोग्राफी महाकुंभ ,नज़र फोटो एग्जीबिशन का आयोजन किया जा रहा है। जवाहर कला केन्द्र में एग्जिबिशन का चौथा सीजन 24 से 26 अगस्त तक होगा। यह तीन दिवसीय भव्य आयोजन भारतवर्ष के फोटोग्राफी प्रेमियों और पेशेवरों के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। इसी में तीन तीन पेंटिंग एग्जीबिशन का भी आयोजन है जिसमें कई प्रसिद्ध आर्टिस्टों की पेंटिंग डिस्प्ले की जाएगी। इसी के साथ तीनों दिन लाइव पेंटिंग भी बनाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में मोबाइल फोन से खींचे गए फोटो को भी प्रदर्शित किए जाते हैं।

# भाजपा जयपुर जिला देहात दक्षिण सुमन कुमावत मंत्री मनोनीत

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर घोषित जयपुर जिला देहात दक्षिण के अध्यक्ष राजेश गुर्जर ने सूचि जारी करते हुए चाकसू से महिला कार्यकर्ता सुमन कुमावत को मंत्री पद का एवं रामधन सैनी को पार्टी प्रवक्ता, देवव्रत सिंह राजावत को मंत्री एवं कोटखावदा के श्रवण गुर्जर को उपाध्यक्ष के पर पर मनोनीत किया गया है। सूची के अनुसार हृदय सुमन पारीक व कांता सोनवाल, अजयपाल सिंह, प्रकाश जैन, हरिमोहन शर्मा, गीता चौधरी, अमित शर्मा को उपाध्यक्ष। शिवजी राम कुमावत, शिवप्रसाद यादव, हेमंत मीणा को महामंत्री तथा मनोज कुमावत, जितेंद्र सिंह राजावत,सरोज गुर्जर,भंवर धेतरवाल, रामफूल शर्मा, रामनिवास यादव को मंत्री पद दिया गया है। वरिष्ठ कार्यकर्ता विरेंद्र जैन कोषाध्यक्ष, उर्मी करोल, बनवारी स्वामी रामधन सैनी को प्रवक्ता, तथा मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी सुनील छीपा, , सह मीडिया संयोजक हरि भगत, आईटी संयोजक योगेश शर्मा सह संयोजक अनिता राठोड़, सोशल मीडिया प्रभारी ओम कुमावत, सह प्रभारी अंजलि चौधरी, कार्यालय प्रभारी प्रताप गौरा,सह प्रभारी विकास दाधीच, प्रकोष्ठ संयोजक की जिम्मेदारी सुरेंद्र यादव व लक्ष्मीकांत तोतला को दिया गया है।

# कैटरर्स एक्सपो का आगाज आज से

**देश-विदेश की कंपनियां हो रही है शामिल**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जयपुर कैटरिंग डीलर्स समिति (रजि.) की ओर से आठवां कैटरर्स एक्सपो 2025 का भव्य उद्घाटन आज एंटरटेनमेंट पैराडाइस (ईवी) ईस्ट लॉन जवाहर सर्किल जयपुर में आयोजित होने जा रहा है। इस अवसर पर कई दिग्गज नेता और गणमान्य अतिथि शिरकत करेंगे। जिसमें मुख्य अतिथियों में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व सांसद मदन राठौड़, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा और भाजपा के राजस्थान मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ शामिल होंगे।

JAIPUR CATERING DEALERS SAMITI
JCDS
UNION IS STRENGTH

समिति अध्यक्ष मनोज सेवानी ने बताया कि यह कैटरर्स एक्सपो जयपुर और पूरे राजस्थान के कैटरिंग सेक्टर की श्रेष्ठता और नवीनतम ट्रेंड्स को प्रदर्शित करने का अनूठा अवसर होगा। इस आयोजन में देश-विदेश की बड़ी कंपनियां हिस्सा ले रही है और कैटरिंग व होटल मैनेजमेंट से जुड़े आधुनिक उपकरण, मशीनरी, किचन इक्विपमेंट और जरूरत की छोटी से बड़ी वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। यह जयपुर का अब तक का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक कैटरिंग व्यवसाय का आयोजन होगा, जो उद्योग से जुड़े लोगों को एक ही मंच पर लाकर नई दिशा देगा।

# केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक आयुर्वेद को वैश्विक स्तर तक पहुँचाने पर जोर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) सोसाइटी की दूसरी बैठक बुधवार को दिल्ली स्थित निर्माण भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रतापराव जाधव ने की।

मीटिंग में उपाध्यक्ष के रूप में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा सहित मीटिंग मंत्रालय और संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी ओर एनआईए सोसाइटी के सदस्य मौजूद रहे।





मीटिंग में आयुर्वेद चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने, शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और अनुसंधान गतिविधियों को गति देने पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री श्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि एनआईए जैसी संस्थाएँ देश में आयुर्वेद और आयुष चिकित्सा प्रणाली को वैश्विक स्तर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान का लक्ष्य आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को आधुनिक शोध तकनीकों के साथ जोड़कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना है।

कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने बताया जयपुर स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान देश का प्रथम आयुष क्षेत्र का मानद विश्वविद्यालय है। यहाँ प्रतिवर्ष 4 लाख से अधिक ओपीडी और 25 हजार से ज्यादा आईपीडी रोगियों को चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। संस्थान को एनएएसी की 'ए' ग्रेड, एनएबीएच और एनएबीएल जैसी प्रतिष्ठित मान्यताएँ प्राप्त हैं। वर्तमान में 15 देशों के विद्यार्थी यहाँ अध्ययनरत हैं। एनसीआईएसएम ने एनआईए को देश का सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक संस्थान घोषित किया है।

मीटिंग में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, कुलसचिव प्रो. अनीता शर्मा, प्रो. सुदीप्त रथ, संयुक्त निदेशक जयप्रकाश शर्मा एवं उपनिदेशक चन्द्रशेखर शर्मा ने भाग लिया।

# नोहट्टा गांव में नाले के पास संदिग्ध अवस्था में मिला शव

बढ़ता राजस्थान

**निवाई, ( निर्भय मीना )।** बरोनी थाना क्षेत्र के नोहट्टा गांव में एक संदिग्ध हालत में शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर बरोनी थाने से मौके पर पहुंचे एएसआई सुरेन्द्र सिंह ने शव को कब्जे लेकर निवाई अस्पताल पहुँचाया। जहाँ से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि नोहट्टा गांव निवासी 52 किसान रामकिशोर का शव नाले के पास संदिग्ध अवस्था में मिला था। पुलिस मामले कि गंभीरता से जाँच कर रही है।

# एससी मौहल्ले की ओर जा रहे 80 वर्ष पूराने आम रास्ते को दबंगों ने किया बंद

**गुस्सायें ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत भवन पर जड़ा ताला**

## पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के ग्राम पंचायत पवाना अहीर में एससी मौहल्ले की ओर जा रहे 80 वर्ष पूराने आम रास्ते को कुछ दबंगों द्वारा जबरन बंद कर दिये जाने का मामला सामने आया हैं। उल्लेखनीय है कि रास्ता बंद किये जाने के बाद गुस्सायें ग्रामीणों ने बुधवार को ग्राम पंचायत भवन पर ताला जड़ दिया था। वहीं दुसरी ओर गुरूवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण कोटपूतली पहुंचे। जहां पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी को ज्ञापन सौंपकर अविलम्ब रास्ते को खुलवाये जाने की मांग की। इस सम्बंध में जिला कलक्टर को सौंपे ज्ञापन में प्यारे लाल मेहरा, मनोज बांयला, राजेन्द्र खारड़िया, अशोक, कैलाश, उमराव, मनमोहन, भारत, कृष्ण, अंकित, शशि, अंकुश, मनोज, बाबूलाल, मूर्ति देवी, मिनाक्षी, विमला, मंजू, लक्ष्मी, सुभानी आदि अम्बेडकर कॉलोनीवासियों ने अवगत करवाया कि आजादी से पूर्व के करीब 80 वर्ष पूराने आम रास्ते को कुछ दबंग ग्रामीणों ने एक माह पूर्व ग्राम पंचायत सदस्यों व अधिकारियों की मिलीभगत से बंद कर दिया। जिसकी सूचना प्रषासन को विगत 06 अगस्त को ही दे दी गई थी। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि राजू योगी, दिनेश योगी, लालचंद योगी एवं ओमी लाल व मालीराम मीणा के परिवारों ने जबरन रास्ता रोक कर पक्की दीवार लगा दी। जिससे करीब एक हजार की आबादी की ढ़ाणी का आवागमन बाधित हो गया। ग्रामीणों ने जिला कलक्टर समेत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को ज्ञापन भेजकर अविलम्ब मार्ग को खुलवाये जाने की मांग की हैं। पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने जिला कलक्टर को अवगत करवाया कि रास्ता बंद हो जाने से ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्यो में दिक्कत आ रही हैं। विशेष तौर पर विधार्थी स्कूल नहीं जा पा रहे हैं एवं किसी के बीमार होने पर अस्पताल ले जाने में भी समस्या का सामना करना पड़ता हैं। इस पर जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने जल्द से जल्द समस्या के निराकरण का भरोसा दिलाया हैं। उनका कहना है कि प्रकरण की जांच की जा रही हैं। किसी भी ग्रामीण के आवागमन को बाधित नहीं होने दिया जायेगा। वहीं दुसरी ओर गुस्सायें ग्रामीणों ने बुधवार को ग्राम पंचायत भवन पर ताला जड़ दिया था। जिससे सरपंच समेत ग्राम विकास अधिकारी, वार्ड पंच व पंचायत समिति सदस्य भी अंदर ही बंद हो गये थे। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने ताला खुलवाया था। ग्रामीणों ने पंचायत भवन पर जमकर प्रदर्शन भी किया था।

# देशभर से जुटे यूनानी विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** होटल ट्यूलिप इन, एम.आई. रोड पर हमदर्द ड्रग लेबोरेटरीज लिमिटेड, इंडिया मेडिसिन डिवीजन की ओर से हृदय-धमनी रोग पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार व कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शौकत अली, अतिरिक्त निदेशक, यूनानी चिकित्सा विभाग, राजस्थान सरकार उपस्थित रहे। सम्माननीय अतिथियों में डॉ. एम.एम. खिंची (अतिरिक्त यूएमडी निदेशक), डॉ. महमूद सिद्दीकी (उपनिदेशक), डॉ. विजय कुमार (औषधि निरीक्षक), डॉ. मोहम्मद अकरम (नोडल अधिकारी) सहित कई विशेषज्ञ शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. जुबैर अहमद (मुख्य विपणन एवं बिक्री प्रबंधक, हमदर्द दवा प्रयोगशालाएं, नई दिल्ली) ने सभी अतिथियों, दवा वितरकों, प्रतिनिधियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यशाला में हृदय रोगों की रोकथाम, यूनानी चिकित्सा पद्धति की भूमिका और नई शोध आधारित चिकित्सा पद्धतियों पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बदलती जीवनशैली और खानपान के कारण बढ़ते हृदय रोगों पर चिंता जताई और समय पर उपचार व जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया।प्रतिभागियों ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं आम लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती हैं।



# सम्पर्क पोर्टल पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करे-प्रियंका गोस्वामी

**जनसुनवाई में 51 मामले, तत्काल समाधान के निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द समाधान करने के उद्देश्य से, जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन कलेक्ट्रेट में जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कुल 51 प्रकरण प्राप्त हुए।

जिला कलक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ लंबित मामलों की समीक्षा की और मौके पर ही रिपोर्ट ली। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि %सम्पर्क पोर्टल% और जनसुनवाई में प्राप्त सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर मामले को 7 दिन के भीतर हल करके पोर्टल पर अपडेट करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस काम में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील होकर लोगों की समस्याओं को सुनने, आपसी तालमेल से काम करने और उनके साथ कुशल तथा सभ्य व्यवहार करने की सलाह दी।



जनसुनवाई के दौरान पेंशन, अतिक्रमण, सड़क, बिजली, पानी, भूमि विवाद, अवैध खनन और राशन से संबंधित शिकायतें सामने आईं। इन सभी मामलों पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अवैध खनन और शराब बिक्री की शिकायतों पर संबंधित विभाग को तुरंत कार्रवाई कर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया। इस दौरान एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम बृजेश चौधरी, एएसपी वैभव कुमार शर्मा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**रात्रि चौपाल में 21 मामले सुने गए**

इसके अलावा, जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बुधवार को विराटनगर की ग्राम पंचायत भाबरू में रात्रि चौपाल का आयोजन किया। यहाँ उन्होंने धैर्यपूर्वक 21 मामले सुने और अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। चौपाल में लोगों ने बंदरों के आतंक, पीएम आवास योजना, सड़क, अतिक्रमण, और पेंशन जैसी समस्याओं को उठाया। विभागीय अधिकारियों ने लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। इस दौरान एडीएम ओमप्रकाश सहारण भी उपस्थित थे।

# 24 अगस्त को होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक हुई



बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। भगवान श्री परशुराम मंदिर के प्रांगण में नगर ब्राह्मण समाज की एक बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता एड. बजरंग लाल शर्मा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य 24 अगस्त को होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाना था। इसके लिए अलग-अलग तरह की व्यवस्थाओं और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में पूर्व तहसील अध्यक्ष पं. किशोरी लाल शर्मा, बृजभूषण कौशिक, जर्नादन पटवारी, ब्रदप्रसाद शर्मा, मिथलेश शर्मा, पार्षद मनोज गौड़ और कई दूसरे लोगों ने अपने विचार और सुझाव दिए।तहसील अध्यक्ष नवरतन शर्मा ने बताया कि तहसील ब्राह्मण सभा द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 24 अगस्त को दीप मैरिज गार्डन में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कोटपूतली के सभी विप्र बंधुओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में पहुँचें। उन्होंने कार्यक्रम की अब तक की तैयारियों के बारे में भी जानकारी दी।नगर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा ने तहसील ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि नगर ब्राह्मण समाज इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करेगा। उन्होंने वहाँ मौजूद सभी लोगों से आग्रह किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को कार्यक्रम में पहुँचने के लिए प्रेरित करें।अंत में, पं. किशोरी लाल शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। इस बैठक में हरिशंकर शर्मा, नागेन्द्र वैद्य, नन्दलाल जोशी, रामगोपाल शर्मा, रविराय शर्मा, ऋषि शर्मा, नरेश शर्मा, सज्जन जोशी, ब्रह्मानन्द शर्मा, सत्यनारायण जोशी, राधेश्याम शर्मा, विरेन्द्र शर्मा नवल, राजेन्द्र शर्मा, सुभाष चन्द शर्मा, शिवकुमार शर्मा, पं. अनिल शर्मा, मूलचन्द जोशी, सुरेन्द्र पालीवाल, सुरेश शर्मा, सत्यनारायण मैनेजर, कुलदीप जोशी, बालकृष्ण शर्मा सहित सैकड़ों विप्रजन मौजूद थे।

# मेहनत और हुनर की मिसाल तेहरीन खानाम देश की बेटियों के लिए बनीं प्रेरणा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राजस्थान की राजधानी जयपुर की 20 वर्षीय तेहरीन खानाम ने इतिहास रच दिया है। 17 अगस्त 2025 को उनका नाम 'हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड' में दर्ज हुआ है। बेहद कम उम्र में अपनी कला और शिल्पकला से लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली तेहरीन ने यूट्यूब पर 8 मिलियन सब्सक्राइबर का आंकड़ा पार कर लिया है। खास बात यह है कि तेहरीन ने अपने धर्म का पालन करते हुए बिना चेहरा दिखाए ही यह मुकाम हासिल किया है। यह उपलब्धि उन्हें अलग पहचान दिलाती है और देशभर की बेटियों के लिए प्रेरणा बनाती है।तेहरीन की बड़ी बहन फरहीन खानाम भी मशहूर यूट्यूबर हैं। उन्होंने भी कला और शिल्पकला के क्षेत्र में कई पुरस्कार जीते हैं। दोनों बहनों की सफलता ने जयपुर ही नहीं, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। लोगों का कहना है कि देश को ऐसी बेटियों पर गर्व है, जिन्होंने अपनी मेहनत और हुनर से साबित कर दिया कि सपनों को पूरा करने के लिए कोई बाधा बड़ी नहीं होती।

# बयाना बंद की तैयारी तेज, रॉयल्टी ठेकेदार की मनमानी और सरकार की चुप्पी से गुस्साए व्यापारी

## 25 अगस्त को ऐतिहासिक बंद का ऐलान, 50 हजार परिवारों पर संकट

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/ बयाना ( अंशु गुप्ता )।** इमारती पत्थर पर सरकार द्वारा कई गुना बढ़ाई गई रॉयल्टी और रॉयल्टी ठेकेदार की मनमानी व अवैध वसूली ने बयाना, बंसी पहाड़पुर और रूपवास क्षेत्र के कारोबारियों व लघु उद्यमियों का जीना मुश्किल कर दिया है। पिछले 23 दिनों से आंदोलनरत पत्थर व्यापारी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 अगस्त को बयाना ऐतिहासिक बंद रहेगा, जिसमें व्यापारियों के साथ मजदूर, सामाजिक संगठन और आमजन भी शामिल होंगे।34 प्रतिशत तक बढ़ाई रॉयल्टी- रीको औद्योगिक समिति अध्यक्ष दिनेश सूपा ने बताया कि सरकार ने हाल ही में इमारती पत्थर पर रॉयल्टी करीब 34 प्रतिशत बढ़ा दी है। यह बढ़ोतरी वैसे ही उद्योग जगत के लिए बोझ साबित हो रही थी, लेकिन ठेकेदार की ओर से निर्धारित दरों से दोगुनी रॉयल्टी वसूलना अब कारोबार को पूरी तरह चौपट कर रहा है। उन्होंने कहा कि रॉयल्टी वसूली में खुली अनियमितताएं हो रही हैं और कोई देखने वाला नहीं है।



### ठेकेदार पर अवैध वसूली के आरोप-

कारोबारियों का आरोप है कि भाजपा से जुड़ा बताकर खुद को पावरफुल कहलाने वाला एक ठेकेदार इस पूरी वसूली के पीछे है। यह ठेकेदार न सिर्फ सरकारी दरों से अधिक वसूली करवा रहा है, बल्कि खुलेआम दबाव डालकर व्यापारियों को परेशान कर रहा है। कई बार शासन-प्रशासन से शिकायत करने के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं हुई। कारोबारियों का कहना है कि यह चुप्पी कहीं न कहीं राजनीतिक दबाव या मिलीभगत का नतीजा है।

### आंदोलन से ठप कारोबार-

रॉयल्टी की मनमानी से आक्रोशित व्यापारी, लघु उद्योग संचालक और मजदूर पिछले 23 दिनों से धरने, प्रदर्शन और अनशन पर हैं। इस दौरान पत्थर कारोबार पूरी तरह ठप हो चुका है। रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित दर्जनों इकाइयों का उत्पादन बंद है, जिससे हजारों मजदूरों की रोज़ी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। छोटे उद्योग संचालकों ने विरोधस्वरूप बिजली बिल तक जमा नहीं कराने और कनेक्शन कटवाने का निर्णय ले लिया है।

### जनप्रतिनिधियों के रवैये पर नाराजगी-

आंदोलनकारियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि चुनावों के समय बड़े-बड़े वादे करने वाले नेता अब इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे हुए हैं। ऐसे में व्यापारी वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

### 50 हजार से अधिक परिवारों पर संकट-

रीको औद्योगिक समिति के सचिव विष्णु सिंघल ने बताया कि बयाना, बंसी पहाड़पुर और रूपवास क्षेत्र में सेंडस्टोन उद्योग व उससे जुड़े लघु उद्योगों से 50 हजार से भी अधिक परिवार जुड़े हुए हैं। कारोबार ठप होने से इन परिवारों के सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार और प्रशासन ने शीघ्र समाधान नहीं निकाला तो आंदोलन और उग्र होगा।

### घर-घर जाकर बांटे जा रहे पीले चावल-

आंदोलन को सफल बनाने के लिए व्यापारी और संगठन अब ग्रामीण अंचलों में भी पहुंच रहे हैं। लोगों को घर-घर जाकर पीले चावल बांटे जा रहे हैं और 25 अगस्त को बयाना बंद में शामिल होने का आव्हान किया जा रहा है। ग्रामीणों से मिल रहा समर्थन आंदोलन को और मजबूत कर रहा है।

### प्रशासन में हलचल-

बयाना बंद की घोषणा के बाद पुलिस और प्रशासन में भी हलचल है। लगातार चल रहे धरने-प्रदर्शन से पहले ही व्यवस्था संभालने में मशक्कत हो रही थी, अब ऐतिहासिक बंद की तैयारी ने प्रशासनिक अमले की चिंता बढ़ा दी है।व्यापारी बोले अब आर-पार की लड़ाई- बैठक में माधो पटेल, पदम बैंसला, दलवीर चौधरी, खुशीराम बंगसपुर, राजू पटेल, लांगुरिया धाकड़, प्रदीप झालानी, नरेश सिंघल, अशोक गर्ग, विक्की, नारायण पटेल, मनीष सहित कई व्यापारी मौजूद रहे। उनका कहना था कि अब चुप बैठने का समय नहीं है। ठेकेदार की मनमानी और सरकार की चुप्पी दोनों के खिलाफ आंदोलन और तेज होगा।बयाना का पत्थर उद्योग, जो कभी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता था, आज रॉयल्टी की बढ़ोतरी और ठेकेदार की मनमानी की वजह से चौपट होने की कगार पर है। व्यापारी वर्ग का कहना है कि यदि 25 अगस्त के ऐतिहासिक बंद के बाद भी सरकार ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन और उग्र होगा और इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से शासन-प्रशासन की होगी।

## सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी की मांडवी सिंह चौहान सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल की उदीयमान बॉक्सर मांडवी सिंह चौहान ने जीडी स्कूल, बहरोड की मेजबानी में हाल ही में आयोजित सीबीएसई वेस्ट जॉन बॉक्सिंग टूर्नामेंट में रजत पदक अपने नाम किया।

मांडवी ने अंडर 14 कैटेगरी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त कर नेशनल लेवल के लिए क्वालीफाई किया है। मांडवी सिंह चौहान की इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन डॉ महेंद्र सोजतिया ने शुभकामनाएं देते हुए कहा की मांडवी की अपने खेल के प्रति असीम रुचि व निरंतर अभ्यास से यह उपलब्धि हासिल हुई है व राष्ट्रीय स्तर पर भी वह अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। विद्यालय की निर्देशिका साक्षी सोजतिया ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी तथा कहा की विद्यालय में अध्ययन के साथ-साथ खेलों में उच्च प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है जिसके उत्कृष्ट परिणाम हमारे सामने है। विद्यालय इन उदीयमान खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है व इस वर्ष के आगामी टूर्नामेंट में भी विद्यालय के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं तथा खेल में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

## राजस्थान में पंचायत चुनाव को लेकर बढ़ी नाराज़गी, सरकार पर टालमटोल का आरोप

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजस्थान में पंचायत और निकाय चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। हाईकोर्ट बार-बार सख्त निर्देश जारी कर रहा है और राज्य निर्वाचन आयोग भी पूरी तरह तैयार है, लेकिन सरकार की ओर से चुनाव की तारीख घोषित नहीं की जा रही है। कांग्रेस कमेटी ब्लॉक संगठन महामंत्री अजय सैनी ने आरोप लगाया कि सरकार चुनाव करवाने से बच रही है क्योंकि उसे हार का डर है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत गांव की पंचायतों में है और सरकार को तुरंत चुनाव की तारीख घोषित करनी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत मीणा ने बताया कि प्रदेश की हजारों पंचायतों और 150 से अधिक शहरी निकायों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। चुनाव न होने से इन जगहों पर प्रशासकों को बैठा दिया गया है, जिससे जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी के कारण विकास कार्य रुक गए हैं और आमजन की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। वहीं, मंत्री अविनाश गहलोत ने संकेत दिया है कि यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा तो पंचायत और निकाय चुनाव इस साल दिसंबर तक कराए जा सकते हैं। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भी कहा है कि निकाय चुनाव दिसंबर 2025 में होंगे। जनता का कहना है कि जब तक चुनाव नहीं होंगे, विकास कार्य पटरी पर नहीं लौट पाएंगे। लोगों ने सरकार से जल्द से जल्द चुनाव करवाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बहाल करने की मांग की है।

## जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने रात्रि चौपाल में सुनी आमजन की समस्याएं

**पावटा।** उपखंड विराटनगर की ग्राम पंचायत भाबरू में बुधवार को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आमजन की बातों को धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। चौपाल में बंदरों के उत्पात, पीएम आवास योजना, सड़क, अतिक्रमण, सीमांकन, गिरदावरी, पुलिस, चिकित्सा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, पट्टा, शिक्षा और पेंशन जैसी समस्याएं ग्रामीणों ने कलक्टर के समक्ष रखीं। इस दौरान कुल 21 प्रकरण दर्ज हुए। जिला कलक्टर ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि राजकीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भरतनाट्यम कार्यशाला के चौथे दिन छात्राओं ने सीखे नृत्य के गुर, शिव स्तुति की दी प्रस्तुति

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** स्पिक मैके (सोसायटी फॉर द प्रोमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड आर्ट) हिन्डौन चैप्टर की ओर से आयोजित शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत कार्यशाला श्रृंखला के चौथे दिन सोमवार को राजकीय विद्यालय चिनायटा और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खीप का पुरा में भरतनाट्यम कार्यशाला का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय भरतनाट्यम नृत्यांगना देबास्मिता ठाकुर ने शिव स्तुति पर आकर्षक प्रस्तुति दी। उन्होंने छात्राओं को भरतनाट्यम नृत्य की बारीकियां और प्रारंभिक गुर सिखाए। कलाकार ने नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपरा की झलक प्रस्तुत कर छात्राओं को प्रेरित किया। स्पिक मैके हिन्डौन चैप्टर के समन्वयक अनमोल बागरैनियां ने बताया कि यह संगठन युवाओं में भारतीय शास्त्रीय नृत्य, संगीत और कला के प्रति रुचि जगाने के लिए एक शैक्षिक आंदोलन के रूप में कार्य कर रहा है। इसी उद्देश्य से 18



अगस्त से 23 अगस्त तक हिन्डौन ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों में कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। राजकीय विद्यालय चिनायटा के प्रधानाचार्य सतीश प्रकाश शर्मा ने कलाकार एवं स्पिक मैके टीम का आभार जताते हुए कहा कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत हमारी धरोहर हैं, जिनका संरक्षण और संवर्द्धन आवश्यक है। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खीप का पुरा के प्राचार्य विवेक सोनी ने भी कार्यशाला आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त कर टीम का धन्यवाद किया। इस दौरान स्पिक मैके चैप्टर हिन्डौन की टीम के सदस्य संजीव सोपरा, कृष्णा शर्मा और यश दत्तात्रेय (तूफ़ान) सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## श्रीराम गौशाला संरक्षक लालचंद मीणा के जन्मदिन पर पौधारोपण और सेवा कार्य



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** श्रीराम गौ सेवा समिति पांचूडाला के संरक्षक एवं ग्राम सुंदराला निवासी लालचंद मीणा के जन्मदिवस पर रविवार को विविध सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टोरड़ा ब्राह्मणन स्थित गोसाई मंदिर परिसर में महंत नारायण दास महाराज (उड़ीसा) के सान्निध्य में पौधारोपण किया गया।

इसके अलावा, पांचूडाला स्थित श्रीराम गौशाला में पौधारोपण कर गौशाला परिसर की साफ-सफाई की गई तथा गौवंशों की सेवा करते हुए लालचंद मीणा की दीर्घायु की कामना की गई।

कार्यक्रम संयोजक बलवंत मीणा ने कहा कि लालचंद मीणा का जन्मदिवस समाज और पर्यावरण के प्रति सेवा एवं समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करता है। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार हाडिया ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल प्रदूषण कम करने में सहायक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की गारंटी भी देता है।

लालचंद मीणा ने स्वयं को समर्पित सेवा कार्यों और पौधारोपण के जरिए जन्मदिन मनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह पहल समाज और पर्यावरण दोनों के प्रति हमारी जिम्मेदारी को और मजबूत करती है।

इस अवसर पर श्रीराम गौ सेवा समिति संरक्षक लालचंद मीणा, कार्यक्रम संयोजक बलवंत मीणा, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार हाडिया, ओमप्रकाश उर्फ गन्नीभाई, विजेन्द्र योगी, ओमप्रकाश योगी, राजेन्द्र चौधरी, सुभाष योगी, विकास मीणा, मुनेश योगी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण और सेवा कार्यों में भाग लिया तथा लालचंद मीणा के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।

## नारायणा गुरु जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

## समाज सुधारक की शिक्षाओं को याद किया

बढ़ता राजस्थान

**पावटा।** ग्राम सेवा सहकारी समिति परिसर, रघुनाथपुरा में समाज सुधारक संत श्री नारायणा गुरु की जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नारायणा गुरु के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गज्जू मीणा ने कहा कि संत नारायणा गुरु ने समाज में व्याप्त अंधकार को ज्ञान के दीपक से दूर किया और मानवता का कल्याण किया। उनका मानना था कि ईश्वर किसी एक जाति या वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि प्रत्येक जीव में वास करता है। उन्होंने ऊंच-नीच और अस्पृश्यता जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए बड़ा आंदोलन चलाया। सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश उर्फ गन्नीभाई ने बताया कि नारायणा गुरु ने बौद्ध धम्म की शिक्षा ग्रहण की और बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों का समर्थन किया। उन्होंने ब्राह्मणवाद के



नियमों को चुनौती देते हुए मंदिरों की दीवारों पर संदेश लिखवाया जाति, घृणा, ईर्ष्या और अविश्वास की दीवार को तोड़ो और भाईचारे का बीज बोओ, ताकि हम सब प्रेमभाव से एकजुट रह सकें। इस अवसर पर ओमप्रकाश उर्फ गन्नीभाई, गज्जू मीणा, सुनील छेड़वाल, विक्रम जाट, प्रदीप छेड़वाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। सभी ने नारायणा गुरु की शिक्षाओं को अपनाने और समाज में समानता व भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## शिया दाउदी बोहरा समुदाय के धर्मगुरु डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन की सिटी पैलेस में डॉ. लक्ष्यराज सिंह से शिष्टाचार भेंट



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** शिया दाऊदी बोहरा समुदाय के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन बुधवार को सिटी पैलेस पहुंचें। डॉ. सैयदना साहब के सिटी पैलेस आगमन पर मेवाड़ पूर्व राजपरिवार के श्रीजी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने गर्मजोशी के साथ अगवानी कर मेवाड़ी परम्परा का निर्वहन किया। डॉ. सैयदना को सिटी पैलेस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दरबार हॉल, फतह प्रकाश में डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और डॉ. सैयदना साहब के बीच करीब आधे घंटे तक शिष्टाचार भेंट हुई। डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने शिया दाऊदी बोहरा समुदाय के धर्मगुरु को मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास से सम्बन्धित पुस्तकें भेंट कर उन्हें मेवाड़ के प्राचीन रिकॉर्ड के फोटो व बहिड़ों को दिखाया। मेवाड़ के महाराणा ओं और शिया दाउदी बोहरा समुदाय के धर्मगुरुओं के ऐतिहासिक संबंधों पर सारगर्भित चर्चा की। डॉ. सैयदना का सिटी पैलेस आगमन उनके मेवाड़ राजपरिवार के प्रति अथाह लगाव को प्रदर्शित करता है। डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दी से पहले साल 1866 में शिया दाऊदी बोहरा समुदाय के 47वें धर्मगुरु अब्दुल कादिर नजमुद्दीन बिन सैयदना तैय्यब ज़ैनुद्दीन ने सिटी पैलेस पहुचंकर महाराणा शम्भू सिंह मेवाड़ से भेंट वार्ता की थी। साल 1954 में 51वें आध्यात्मिक गुरु सैयदना ताहिर सैफुद्दीन ने भी सिटी पैलेस में महाराणा भूपाल सिंह से भेंट वार्ता की थी। इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने साल 2015 से 2022 के बीच तीन बार सैयदना साहब से भेंट वार्ता कर मेवाड़ी परम्परा का निर्वहन किया।

# अपने भीतर पूजा के भाव लायें: विरलप्रभाश्री

## आज शास्त्र कल्पसूत्र बोहराये जायेंगे

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** पर्वाधिराज पर्युषण के दूसरे दिन सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में साध्वी विरलप्रभा श्रीजी, साध्वी विपुलप्रभा श्रीजी और साध्वी कृतार्थप्रभा श्रीजी की पावन निश्रा में चल रहे पर्वाधिराज पर्युषण के कार्यक्रमों के तहत धर्मसभा में साध्वी विरलप्रभा श्रीजी ने कहा कि 5 कर्तव्य और 11 वार्षिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

जिनभक्ति किस तरह करनी है। हम मंदिर जाते हैं या नहीं। अलग अलग मंदिर जाते हैं या सिर्फ एक ही जगह जाते हैं। यहां न ज्ञान वृद्धि करनी है और न ही देव पूजा में। हम मनुष्य गति में हैं। अंदर पूजा के भाव लाने होंगे। मन के सिर्फ भावों से ही भव बदल जाता है। सांसारिक कर्म भोगे बिना संयम पथ पर निकल नही सकते। जिन भक्ति में किसी की निंदा, आलोचना नही करनी चाहिए। साधर्मिक वात्सल्य यानी साधर्मिक भक्ति। चुपचाप करनी है, किसी को बताकर साधर्मिक वात्सल्य नही करना है। क्षमापना। क्षमा स्वयं को भी करनी है और दूसरों को भी देनी है। अट्ठम तप। श्रावक और साधु सबके लिए जरूरी है। इसी प्रकार उन्होंने वार्षिक 11 कर्तव्यों की भी जानकारी दी।

कल के बीते दिन पर आज चिंतन करना है। उपवास, प्रतिक्रमण, जिनवाणी श्रवण, टीवी से दूर रहना आदि जीवन को सार्थक करते हैं। एक दिशा में 13 पर्वत



हैं। कुल 52 पर्वत हैं। नंदीश्वर जिनालय में हजारों प्रतिमाएँ हैं। पांचों कल्याणक मनाते हैं और पर्युषण मनाने की हर्षाभिव्यक्ति करते हैं। सह संयोजक दलपत दोशी ने बताया कि शुक्रवार को शास्त्र कल्पसूत्र बौराये जाएंगे।

## रिलायंस स्मार्ट मॉल में श्री महेश पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** श्री महेश पब्लिक स्कूल प्राइमरी विंग की ओर से कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर रिलायंस स्मार्ट मॉल ले जाया गया। इस अवसर पर बच्चों को सुपरमार्केट से जुड़ी गतिविधियों और वहां उपलब्ध विभिन्न सेक्शनों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने मॉल के क्लोथिंग, फुटवियर, फ्रूट एंड वेजीटेबल, बेकरी, डेयरी, टॉयज व एसेसरीज सहित सभी विभागों का भ्रमण किया और सामान खरीदने की प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से सीखा। बच्चों ने उत्साहपूर्वक वस्तुओं पर अंकित एक्सपायरी तिथि देखना, मूल्य के अनुसार बिल भुगतान करना और सही खरीद की प्रक्रिया समझी। प्रधानाचार्या निधि झा भार्गव ने बताया कि विद्यालय समय-समय पर इस प्रकार के भ्रमण आयोजित करता है, जिससे बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक कौशल, सांस्कृतिक जागरूकता और मनोरंजन का अनुभव मिलता है। श्री महेश सेवा समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश नाराणीवाल, सचिव राजेंद्र कुमार कचोलिया, कोषाध्यक्ष राजेश बाहेती तथा निर्देशक एवं विद्यालय प्रभारी दिनेश शारदा ने इस गतिविधि को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया। विद्यालय प्रबंधन ने सहयोग के लिए रिलायंस स्मार्ट मॉल प्रबंधन एवं स्टाफ का आभार जताया।

## सेंट पॉल्स स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों ने 65 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** समीपवर्ती राजसमंद जिला मुख्यालय स्थित सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों ने 65 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर विद्यालय व्यवस्थापक फादर बेसिल वसुनिया का जन्मदिवस भी मनाया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य फादर जॉनी मैथ्यू ने बताया कि 21 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न वेशभूषा धारण कर मनमोहक गीत प्रस्तुत किए और फूल तथा कार्ड भेंटकर फादर वसुनिया को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों ने 65 पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को उजागर किया।

## प्रभाकर मिश्रा को जेके सीमेंट निंबाहेड़ा में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद द्वारा सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** 21 अगस्त 2025, गुरुवार को प्रभाकर मिश्रा, एचआर हेड, जेके सीमेंट वर्क निंबाहेड़ा का बिहारी लाल सोलंकी, प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद, ने मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही 15 अगस्त, 2025 स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ भी प्रेषित की गईं। इस अवसर पर राजन गाँवरी, अध्यक्ष, प्रगतिशील संगठन निंबाहेड़ा भी उपस्थित रहे।

## नगर परिषद आयुक्त कौशल कुमार खठूमरा को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद द्वारा सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** गुरुवार को नगर परिषद आयुक्त कौशल कुमार खठूमरा को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद की ओर से मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रेषित की गईं। सम्मान समारोह में बिहारी लाल सोलंकी, प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष; जय सिंह मीणा, जिला अध्यक्ष; शांतिलाल लाड़ना, नगर महासचिव; दिलखुश मीणा, ब्लॉक युवा अध्यक्ष; संपत लाल राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष; राजेश रति और मनोज गुर्जर, नगर अध्यक्ष; अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी और राजन गाँवरी, अध्यक्ष प्रगतिशील संगठन निंबाहेड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण, बंदी ने आश्वासन पर तोड़ा अनशन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अभय जैन (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के निर्देश पर सचिव एवं अपर जिला न्यायाधीश विशाल भार्गव ने गुरुवार को जिला कारागृह भीलवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक भैरू सिंह राठौड़ से बंदियों को दी जा रही स्वास्थ्य व चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान कारागृह का एक बंदी प्रभुलाल, अपने प्रकरण में संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने से 19 अगस्त से आमरण अनशन पर था। वह केवल पानी पी रहा था और भोजन ग्रहण नहीं कर रहा था। सचिव भार्गव ने प्रभुलाल से व्यक्तिगत बातचीत कर उसकी शिकायतें सुनीं और उचित समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस आश्वासन पर विश्वास जताते हुए प्रभुलाल ने उनके समक्ष भोजन ग्रहण किया और अनशन समाप्त किया।

### खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने लिए अधिकारियों की बैठक

# खाद्य सुरक्षा सूची से 54 हजार से अधिक लोगों ने हटाया नाम, 1 लाख 23 हजार नए लाभार्थी योजना से जुड़े

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा ने गुरुवार को जिला परिषद के ग्रामीण विकास अधिकरण सभागार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना एवं गिव अप अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में मंत्री गोदारा ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जरूरतमंद परिवारों को सस्ती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध करवाने के लिए गिव अप अभियान महत्वपूर्ण कदम है। अभियान के तहत चित्तौड़गढ़ जिले में अब तक 54,272 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से योजना से नाम हटाकर उदाहरण प्रस्तुत किया है। इनकी पहल से जरूरतमंद और गरीब परिवारों को योजना का सीधा लाभ सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने कहा कि गिव अप अभियान की सफलता का परिणाम है कि जिले में अब तक 1,23,000 नए पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ा गया है। यह कदम खाद्य सुरक्षा को मजबूत बनाने और पारदर्शिता लाने में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्री गोदारा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए लाभार्थियों को समय पर राशन कार्ड जारी कर योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा शिकायतों के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने इस अवसर पर जिला रसद अधिकारी सहित सभी प्रवर्तन अधिकारियों से सेक्टर की नाम जोड़ने खाद्य सुरक्षा से नाम हटाने के संबंध में की जा रही कार्रवाई की विस्तृत जानकारी ली। बैठक में विधायक चित्तौड़गढ़ चंद्रभान सिंह आक्या, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर, बेगूं विधायक सुरेश धाकड़, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, जिला कलक्टर आलोक रंजन, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष श्री बद्रीलाल जाट, रतन गाडरी, जिला रसद अधिकारी श्री हितेश जोशी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव रखे और अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया। मंत्री श्री गोदारा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति खाद्य सुरक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने समाज के सक्षम वर्ग से भी अपील की कि वे स्वेच्छा से गिव अप अभियान से जुड़कर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं।

## सीएमएचओ भीलवाड़ा की कमान संभालेंगे डॉ. संजीव कुमार शर्मा,स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई गति

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राजस्थान सरकार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के आदेशानुसार आरसीएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) भीलवाड़ा का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया। अब वे अपने नियमित दायित्वों के साथ जिले की संपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की देखरेख करेंगे। कार्यभार ग्रहण समारोह में लेखाधिकारी (एनएचएम) प्रेम प्रकाश भाम्भी ने औपचारिक हस्तांतरण किया। इस अवसर पर अति. सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर, डीडीडब्ल्यूएच डॉ. अशोक खटवानी, डीटीओ डॉ. प्रदीप कटारिया, डीपीएम योगेश वैष्णव, प्रशासनिक अधिकारी विश्वनाथ शर्मा, अति. प्रशासनिक अधिकारी अजिता के.के., सहायक प्रशासनिक अधिकारी हेमेन्द्र सिंह गौड़, व.स. भावना जैन, क.स. नूर मोहम्मद सहित विभिन्न अनुभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर डॉ. शर्मा को शुभकामनाएं दीं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. शर्मा ने कहा कि जिले की जनता तक राज्य सरकार की जनहितैषी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि टीम भावना से कार्य करते हुए जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, टीकाकरण, परिवार कल्याण कार्यक्रमों और जनस्वास्थ्य अभियानों में उल्लेखनीय सुधार लाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

## राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने उपखंड अधिकारी कपासन को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने लालसोट तहसील कार्यालय पर 19 अगस्त को अधिवक्ताओं के उग्र समूह द्वारा किए गए हमले के विरोध में उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका को ज्ञापन सौंपा।

संघ ने इस घटना के दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन संघ की ओर से मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के नाम प्रस्तुत किया गया। इसमें कर्मचारियों ने प्रदेश के लालसोट तहसील क्षेत्र में हुई इस घटना की निंदा करते हुए न्यायसंगत कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

इस अवसर पर राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी संघ, कपासन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## नगर पालिका कपासन कर्मचारी फेडरेशन शाखा की नवीन कार्यकारिणी का गठन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर पालिका सभा भवन में गुरुवार को नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन शाखा कपासन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में अधिशासी अधिकारी ललित सिंह देथा एवं राजस्थान कर्मचारी फेडरेशन के प्रांतीय संरक्षक रिछपाल सिंह चौधरी की उपस्थिति रही।

बैठक में सर्वसम्मति से नंदलाल मेनारिया को अध्यक्ष और ललितेंद्र कुमार शर्मा को महामंत्री नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त खेमराज सिंह गुर्जर को संरक्षक, गोपाललाल सुथार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रकाशचंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष, रामप्रसाद गायरी को संगठन सचिव, रेखा देवी को वरिष्ठ सलाहकार, पद्म नवीन को सलाहकार, सचिन सोनवाल को कार्यालय मंत्री, मुकेश कोदली को संयुक्त सचिव, विशाल कोदली को संगठन मंत्री, चंदा, जानकीलाल माली, शकील मोहम्मद, विष्णुलाल स्वर्णकार, शान्तिलाल खटीक, माधवलाल कुमावत, जगदीशचन्द्र शर्मा, हीरालाल शर्मा, जगदीशचन्द्र छापरवाल, रतनलाल चोटिया और मनीष कोदली को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका कपासन के कर्मचारी और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### सिविल सेवा बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु ट्रायल का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** 10वीं राजस्थान राज्य अंतरजिला सिविल सेवा बास्केटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता एवं 9वीं राजस्थान राज्य अंतरजिला सिविल सेवा वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 का आयोजन आगामी 13 से 15 सितम्बर, 2025 तक पाली जिले में प्रस्तावित है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार चित्तौड़गढ़ जिले की टीम के गठन हेतु इच्छुक कार्मिक-खिलाड़ियों के लिए ट्रायल/चयन प्रतियोगिता का आयोजन 22 अगस्त, 2025 को सायं 4.30 बजे जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, इंदिरा गांधी स्टेडियम, चित्तौड़गढ़ के खेल मैदान में किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक कार्मिक-खिलाड़ी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। चयनित खिलाड़ी पाली जिले में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा का निम्बाहेड़ा में भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा गुरूवार को चित्तौड़गढ़ से प्रतापगढ़ के मार्ग में अल्पकालिक प्रवास के दौरान निम्बाहेड़ा पहुंचे, जहाँ उनका पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि मंत्री गोदारा राजस्थान में भाजपा के अंत्योदय कार्य को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बिना मांगे ही राशन डीलरों की समस्याओं का समाधान किया है। समारोह में संबोधित करते हुए मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा गरीब और जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराने के सपने को साकार करने के लिए राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में 1 नवंबर 2024 से 'गिव-अप' अभियान चलाया है। इस अभियान के माध्यम से अब तक करीब 56.50 लाख सक्षम परिवारों ने हिस्सा लेकर गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को अनाज उपलब्ध कराने का कार्य किया है। चित्तौड़गढ़ जिले में इस योजना से 1.23 लाख नए वंचित परिवारों तथा निम्बाहेड़ा में लगभग 18,722 परिवारों को लाभ मिलना शुरू हो गया है।

कार्यक्रम में मंत्री गोदारा ने विधायक कृपलानी की जमकर सराहना की और कहा कि कृपलानी जी की राजनीतिक हाइट राजस्थान की राजनीति में भी उनकी प्रतिष्ठा को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि कृपलानी सदैव आमजन और कार्यकर्ताओं की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं और विधानसभा में उनकी बात का सभी मान रखते हैं।

पंचायत समिति सभागार में मंत्री के आगमन पर पूर्व मंत्री कृपलानी ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर अगुवानी की।

तत्पश्चात पूर्व विधायक अशोक नवलखा, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़ महावीर सिंह कृष्णावत, भाजपा जिलाध्यक्ष चित्तौड़गढ़ रतन गायरी, पंचायत समिति उपप्रधान जगदीश चंद्र आंजना, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह शक्तावत, छोटीसादड़ी पूर्वी मंडल अध्यक्ष विक्रम कुमावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश गुर्जर, रमेश गोपावत सहित छोटीसादड़ी एवं निम्बाहेड़ा के राशन डीलर एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने मंत्री गोदारा को स्मृति चिन्ह स्वरूप विजय स्तंभ भेंट किया। स्वागत एवं अभिनंदन के दौरान मंत्री सुमित गोदारा ने निम्बाहेड़ा एवं छोटीसादड़ी क्षेत्र से आए भाजपा कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत परिचय भी प्राप्त किया।

## संगम ग्रुप ने संगम हाउस परिसर में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** संगम ग्रुप भीलवाड़ा की ओर से संगम हाउस परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में कर्मचारियों व लोगों ने भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में प्रतिभागियों की लंबाई, वजन, ब्लड प्रेशर (विशेषकर उच्च एवं निम्न रक्तचाप की जांच), ब्लड शुगर टेस्ट सहित चिकित्सकीय परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। एचआर टीम संगम हाउस ने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। चीफ एचआर ऑफिसर मनीष स्वामी ने बताया कि शिविर बेहद सफल रहा और अनेक कर्मचारियों ने इसका लाभ उठाया। लीड एडमिन हेड हेमराज नेगी और रोहित शर्मा ने आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

संगम ग्रुप पीआरओ डॉ. राजकुमार जैन ने कहा कि संगम ग्रुप हमेशा से सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहा है और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर व समाजोपयोगी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## हनुमानपुरा गांव में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर हुआ चोरी

बढ़ता राजस्थान



**जजावर ( पदम शाह ) ।** क्षेत्र के ग्राम हनुमानपुरा मे राधाकृष्ण मंदिर के समीप लगे सिंगल फेज विद्युत ट्रांसफार्मर को बुधवार की रात अज्ञात चोर खंबे से उतारकर ट्रांसफार्मर की बाडी को वहीं छोड़ गए एवं अंदर का सारा सामान चुराकर ले गए। ग्रामीणों को इसकी जानकारी आज सुबह करीब 4 बजे तक जब बिजली नही आई तब लगी जिसके बाद ग्रामीणो ने इसकी रिपोर्ट थाना नैनवां मे दर्ज कराई है । ग्रामीण शोजीलाल, भैरुप्रकाश, रामदेव सहित अन्य लोगो ने बताया कि मंदिर के पास गांव मे 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था जिसको बुधवार की देररात अज्ञात चोर गांव की बिजली आपूर्ति बंद के दौरान ट्रांसफार्मर के अंदर के समस्त ताम-झाम निकाल कर ले गए एवं बाडी को वहीं छोड़ गए जिसकी जानकारी लोगो को अलसुबह 4-5 बजे के करीब लगी। ग्रामीणो द्वारा इसकी रिपोर्ट थाना नैनवां में दर्ज कराई गई है।

## सदर थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही - दो आरोपी अवैध हथियारों समेत गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने डीएसटी टीम प्रभारी प्रेमसिंह की सूचना पर कार्रवाई करते हुए रायसिंह का पूरा के जंगल से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देशी सिंगल शॉट राइफल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। थाना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार सुबह मिली पुख्ता सूचना पर एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ और सीओ महेंद्र कुमार के सुपरविजन में पुलिस व डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। मौके से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान हंसराम पुत्र लाखन सिंह गुर्जर और रामनिवास पुत्र लक्ष्मण गुर्जर, निवासी रायसिंह का पूरा, के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ एफआईआर संख्या 208/2025, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने मुख्यमंत्री से राजसमंद में मार्बल रॉयल्टी वृद्धि और अन्य विकास मुद्दों पर की चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में राजस्थान की सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने राज्य सरकार द्वारा राजसमंद में मार्बल पर बढ़ाई गई रॉयल्टी के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से चर्चा की। इस बैठक में राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई और जनहित में योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने पर विचार विमर्श हुआ।सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि राजसमंद के मार्बल उद्योग को बढ़ावा देने और स्थानीय श्रमिकों के रोजगार को सुनिश्चित करने के लिए रॉयल्टी में वृद्धि को पुनः विचारने की आवश्यकता है। उन्होंने इस मुद्दे को क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण बाधा के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे स्थानीय उद्योगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।बैठक में सांसद ने राजसमंद क्षेत्र के समग्र विकास के लिए युवाओं के रोजगार, कुंभलगढ़ और चित्तौड़गढ़ जैसे ऐतिहासिक किलों के संरक्षण, पर्यटन को बढ़ावा देने और उद्योगों में स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता देने जैसे मुद्दों पर भी जोर दिया।

इसके अलावा, सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने मुख्यमंत्री से इन सभी मुद्दों पर शीघ्र कार्यवाही करने का अनुरोध किया, ताकि क्षेत्र की जनता को अधिकतम लाभ मिल सके।बैठक में माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी, केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी, केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत जी, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी जी, भाजपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन राठौड़ जी और राजस्थान के सभी राज्यसभा और लोकसभा सांसद भी उपस्थित रहे।महिमा कुमारी मेवाड़ ने इस बैठक को बेहद सकारात्मक और उत्पादक बताया और उम्मीद जताई कि शीघ्र ही राजसमंद क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## नर्सिंग एसोसिएशन जिला अध्यक्ष बने कमल सिंह मीणा, धर्मसिंह को एक वोट से हराया



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन एकीकृत के जिला अध्यक्ष पद के लिए बुधवार को हुए चुनाव में कमल सिंह मीणा ने धर्मसिंह को मात्र एक वोट से पराजित कर जीत हासिल की। चुनाव में कुल 431 लोगों ने मतदान किया। मतदान जिले के विभिन्न केंद्रों—धौलपुर जिला मुख्यालय, बाड़ी, बसेड़ी, सरमथुरा, मनिया, सैपऊ और राजाखेड़ा में संपन्न हुआ। मतदान शाम 4 बजे तक चला, जिसके बाद 6 बजे से मतगणना शुरू हुई। रात 8 बजे घोषित परिणामों में कमल सिंह को 216 और धर्मसिंह को 215 वोट मिले। कमल सिंह मीणा वर्तमान में सरमथुरा के बड़ा गांव पीएचसी पर नर्सिंग अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। चुनाव में धर्मसिंह को त्रिशूल और कमल सिंह को गदा चुनाव चिन्ह मिला था। जिला चुनाव संयोजक उदय सिंह रावत और सुधीर कुमार महावर ने परिणाम घोषित कर कमल सिंह को विजेता घोषित किया। निष्पक्ष चुनाव संचालन के लिए राजकुमार मीणा, आसाराम, अमित शर्मा, मोनू शर्मा समेत कई नर्सिंग अधिकारियों की टीम बनाई गई थी। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष कमल सिंह ने सभी मतदाताओं और सहयोगियों का आभार जताते हुए नर्सिंग कर्मियों के हित में काम करने का संकल्प लिया।

## राजसमंद में तेज बारिश, 24 घंटे में 6 एमएम बरसातः जिले में बदला मौसम, सबसे ज्यादा खमनोर में 26 एमएम बारिश दर्ज

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में गुरुवार सुबह से आसमान में घने बादल छाए रहे है। वहीं 10 बजे से रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ। यहां कुछ घंटों से रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है।पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 6 मिमी औसत बारिश रिकॉर्ड की गई। इसमें सर्वाधिक बारिश 26 मिमी खमनोर क्षेत्र में दर्ज की गई। इसके अलावा भीम क्षेत्र 5 मिमी, देलवाड़ा में 6 मिमी, देवगढ़ में 3 मिमी, गढ़बोर क्षेत्र में 7 मिमी, केलवाड़ा में 9 मिमी, कुंवारियां में 1 मिमी, नाथद्वारा में 8 मिमी, रेलमगरा में 3 मिमी, राजसमंद में 11 मिमी, सरदारगढ़ में 1 मिमी जबकि गिलूण्ड व आमेट क्षेत्र में सूखे की स्थिति रही।

# परिवादों का संवेदनशीलता के साथ करें निस्तारण - जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** अटल सेवा केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादों का त्वरित और संवेदनशीलता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया जाए ताकि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।

कलक्टर ने कहा कि प्रत्येक राजकीय कार्यालय में शिकायत समाधान पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारी सम्पर्क पोर्टल 2.0 पर लंबित परिवादों का प्रतिदिन नियमित फॉलोअप करें और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण हटाने, विद्युत कनेक्शन, वर्षा के बाद जलभराव की निकासी, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने, रुकी हुई पेंशन चालू करवाने जैसे कई परिवाद प्राप्त हुए। शहर के वार्ड 10 में जलभराव का मामला सामने आने पर नगर परिषद अधिकारियों को पंप लगाकर तुरंत जल निकासी करने के निर्देश दिए गए। वहीं, लंबे समय से लंबित जन्म प्रमाण पत्र मामले में तत्काल प्रमाण पत्र बनवाने के आदेश दिए। राजाखेड़ा के मढ़ई और परऊआ में जलभराव संबंधी परिवादों पर संबंधित उपखंड अधिकारी को ग्राम विकास अधिकारी के माध्यम से समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में कुल 35 से अधिक परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग धीरेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल - प्रदेश में स्थापित होंगी 'लैंग्वेज लैब', युवाओं को मिलेगा विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा युवाओं की प्रतिभा को वैश्विक स्तर पर मंच दिलाने और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने के लिए विशेष पहल कर रहे हैं। इसी दिशा में प्रदेश में इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी ( श्वस्नरु ) और केंद्रीय मानव संसाधन मंत्रालय के सहयोग से 'लैंग्वेज लैब' स्थापित की जाएगी। इन लैंग्वेज लैब्स में युवाओं को अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पैनिश, जापानीज सहित कई विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे न केवल उनकी भाषाई दक्षता बढ़ेगी, बल्कि विदेशों में रोजगार के अवसर भी अधिक सुलभ हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल युवाओं को पर्यटन, व्यापार, आईटी, शिक्षा और सेवा क्षेत्र में बेहतर करियर विकल्प उपलब्ध कराएगी।

## प्राण वायु के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान



बढ़ता राजस्थान

**वैर/भरतपुर।** अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन के तत्वाधान में न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिवक्ता देवेंद्र पाठक के निर्देशन में और एसीजेएम नमो नारायण मीणा की उपस्थिति में बोतल पाम के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर एसीजेएम मीणा ने कहा कि प्रत्येक जीव को प्राण वायु की आवश्यकता होती है और वायु के बिना जीवन असंभव है। वसुंधरा के श्रृंगार के रूप में पेड़ हैं, इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि घने और ऊँचे पेड़ न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि क्षेत्र में घटते जलस्तर को भी बढ़ाने में मदद करते हैं। फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश संयोजक यतेन्द्र पाण्डेय ने शहीद सुशील कुमार शर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका परिवार मूल रूप से वैर के नगायच मोहल्ला का निवासी था। 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के समय सुशील शर्मा मुंबई बीटी पर मुख्य टिकट निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। जैसे ही उन्हें आतंकी हमले की सूचना मिली, उन्होंने कंट्रोल रूम में जाकर समय पर आने वाली सम-सेंट रेलगाड़ियों को रोक दिया, जिससे एक बच्ची की जान बचाई जा सकी। इसी साहसिक कार्य के दौरान उन्हें आतंकियों ने गोली मार दी। लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद उन्हें गैलंट्री अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है और भविष्य में अन्य वीरता चक्र से भी सम्मानित होने की संभावना है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष हरीश भारद्वाज, एडवोकेट मोहन प्रकाश, ओम प्रकाश व्यास, पदमेश शर्मा, शशीकांत शर्मा, दुष्यंत पाठक, धनेश शर्मा, मुकेश टाइपिस्ट सहित अनेक न्यायालय परिषद के अधिवक्ता और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समीक्षा बैठक में शहरी व ग्रामीण समस्याएं हुईं पेश, एसडीएम ने दिए समाधान के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** हर महीने के तीसरे गुरुवार को जिला कलेक्टर द्वारा ली जाने वाली जनसुनवाई बैठक के तहत गुरुवार को उपखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन पंचायत समिति वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम में किया गया। बैठक में एसडीएम भगवत शरण त्यागी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं।

उमरेह गांव के युवाओं ने पेयजल संकट की समस्या उठाई और बताया कि नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर एसडीएम ने ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

महरौली गांव के प्रधानाचार्य सत्यनारायण मीणा ने विद्यालय के सामने मुख्य रास्ते पर जलभराव की समस्या रखी। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं व स्टाफ को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को रास्ता पक्का कराने के निर्देश दिए।




वार्ड 42 के पार्षद ठाकुर रुक्मपाल सिंह जादौन ने ज्ञापन सौंपकर शहर की नालियों और नालों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि इससे पानी निकासी बाधित हो रही है और सड़कों पर कीचड़ जमा हो रहा है। साथ ही उन्होंने वार्ड में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और रात में स्ट्रीट लाइट चालू करने की मांग भी रखी। महरौली गांव के जाटव बस्ती के युवाओं ने पेयजल लाइन बिछाने के बाद ठेकेदार द्वारा सड़कों को ठीक से दुरुस्त न करने की शिकायत करते हुए ज्ञापन सौंपा। समीक्षा बैठक में पंचायत समिति विकास अधिकारी अनिल शर्मा, सहायक विकास अधिकारी राजेश शर्मा, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. गब्बर मीणा, डिस्कॉम एईएन आरडी मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नंदलाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## खाटू श्यामजी के लिए 1 सितंबर को विशाल डाक निशान यात्रा, श्याम सखा परिवार की बैठक में बनी रूपरेखा

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** श्याम सखा परिवार के तत्वाधान में आयोजित होने वाली विशाल डाक निशान यात्रा को लेकर बैठक संपन्न हुई। समिति सदस्य प्रदीप गर्ग ने बताया कि 1 सितंबर, सोमवार सुबह 8 बजे भायलापुरा हनुमान मंदिर से पंचम विशाल डाक निशान यात्रा खाटू श्यामजी के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा का रूट डेम्प रोड से होते हुए शीतला चौराहा, मनीराम पार्क, हॉस्पिटल रोड, जैन मंदिर, एक्सचेंज चौराहा, जगदंबा मार्केट होते हुए एचडीएफसी बैंक स्थित श्याम मंदिर पहुंचेगा। यहां महिलाओं को गिफ्ट आइटम वितरित किए जाएंगे। इसके बाद यात्रा रवाना होकर 2 सितंबर की सुबह खाटू श्याम पहुंचेगी, जहां बाबा श्याम के निशान को डीजे और धूमधाम के साथ चढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम के उपरांत कान्हा वाटर पार्क में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। बैठक में प्रदीप गर्ग, विनोद बागरेनिया, दीनदयाल सिंघल, अतुल विजयवर्गीय, श्याम बंसल, जीतू गर्ग, विवेक रामपुरा, शैलेश गोयल, आशीष गर्ग, मनीष गोयल, राजेंद्र धाकड़ सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## राजसमंद के भीम में पैंथर की खाल सहित तीन गिरफ्तार

### शिकारी और दो दलाल पुलिस के हत्थे चढ़े, खाल और अन्य अंग बरामद

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** भीम क्षेत्र में पैंथर की गोली मारकर हत्या और उसके अंगों की तस्करी के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आए वन विभाग ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक शिकारी और दो दलालों को गिरफ्तार किया है।डीएसपी भीम पारस चौधरी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से पैंथर की खाल और अन्य अंग बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पैंथर को गोली मारकर शिकार किया गया था। पुलिस अब इस बात की तहकीकात कर रही है कि ये खाल और अंग कहां भेजे जाने थे।गौरतलब है कि मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह मामला



वायरल हुआ था। इसके बाद वन विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर आरोपियों को दबोच लिया। राजसमंद एसपी ममता गुप्ता के निर्देश पर यह कार्रवाई अंजाम दी गई।



**इनका कहना हे**

सोशल मीडिया पर मामला सामने आने के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से पैंथर की खाल और अंग बरामद हुए हैं। मामले की गहन जांच जारी है।

*पारस चौधरी, डीएसपी भीम*

## समीक्षा बैठक में उठे पानी, सफाई और सड़क के मुद्दे, उमरेह में पेयजल संकट पर जताई चिंता



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** कलेक्टर की मासिक जनसुनवाई बैठक के तहत पंचायत समिति के वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम में एसडीएम भगवत शरण त्यागी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, जहां ग्रामीणों और शहरी क्षेत्र से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। सबसे प्रमुख मुद्दा पेयजल संकट का रहा। उमरेह गांव के युवाओं ने पानी की आपूर्ति न होने की समस्या उठाई, जिस पर एसडीएम ने ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। वहीं, महरौली के प्रधानाचार्य सत्यनारायण मीणा ने स्कूल के सामने मुख्य सड़क पर जलभराव की शिकायत करते हुए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। बैठक में वार्ड 42 के पार्षद ठाकुर रुक्मपाल सिंह जादौन ने बाजार और मुख्य मार्गों पर दुकानदारों द्वारा नालियों पर किए गए अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इससे जल निकासी बाधित हो रही है। साथ ही उन्होंने अपने वार्ड में स्ट्रीट लाइट और सफाई व्य स्था में सुधार की मांग भी की। महरौली की जाटव बस्ती के युवाओं ने पेयजल लाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत न होने की समस्या बताई।

बैठक में पंचायत समिति के विकास अधिकारी अनिल शर्मा, सहायक विकास अधिकारी राजेश शर्मा, डॉ. गब्बर मीणा, डिस्कॉम के एईएन आर.डी. मीणा और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नंदलाल मीणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डीग में 11वीं श्री जवाहर प्रदर्शनी एवं ब्रज यात्रा मेले का उद्घाटन, स्वामी हरि चैतन्य पुरी ने किया ध्वजारोहण

बढ़ता राजस्थान

**डीग/भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** विश्व प्रसिद्ध संत एवं श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर प्रेमावतार, युगदृष्टा, श्री श्री 1008 स्वामी हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने नेहरू पार्क में नगर पालिका द्वारा आयोजित श्री जवाहर प्रदर्शनी एवं ब्रज यात्रा मेले का ध्वजारोहण कर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि के रूप में विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए महाराज जी ने कहा कि मेले समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भारतीय लोक संस्कृति के प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि मेला मिलाप का पर्याय है, जहाँ प्रेम, एकता, सद्भाव और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी लोग बिना किसी भेदभाव के मिलते हैं।

स्वामी जी ने कहा, मेले में आनंद आता है, लेकिन यदि वहाँ चलने-फिरने, बोलने और व्यवहार करने का सही तरीका नहीं आए, तो मेला झमेला बन जाता है। अधिकांश लोगों का जीवन भी आनंद देने वाला मेला नहीं, बल्कि झमेला बन गया है।

डीग मेले का ग्यारहवीं बार उद्घाटन करते हुए महाराज जी ने बताया कि पहले उद्घाटन के समय हमेशा भय का माहौल रहता था। 129 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक मेले में पहले जो भी उद्घाटन करता था, उसकी प्रतिष्ठा या पद छिन जाता था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, चौधरी चरण सिंह, मोरारजी देसाई सहित कई गणमान्य व्यक्तियों का भी अनुभव रहा कि उद्घाटन करना जोखिमपूर्ण होता था। स्वामी रामदेव ने भी एक बार स्वीकृति देने के बाद भय के कारण मना कर दिया था।

स्वामी हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने ग्यारहवीं बार उद्घाटन कर इतिहास रचा। उन्होंने कहा कि उन्होंने केवल प्रभु और सद्गुरु के पद कमल थामे हैं और कोई पद या व्यवसायिक लाभ नहीं लिया। इसी विश्वास और भक्ति के कारण उनका मेले का उद्घाटन सफल और सुरक्षित रहा। महाराज जी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं और उन्होंने 103 देशों की यात्रा के साथ विश्व धर्म संसद व यूनिवर्सल पीस कॉन्फ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

उद्घाटन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निरंजन लाल टकसालिया, नगर परिषद उपाध्यक्ष, विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी, डीग के पत्रकार और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भाजपा युवा नेता गौरव सोनी, मंडल अध्यक्ष ललित तिवारी, दाऊदयाल नसबरिया, राजेंद्र खंडेलवाल, तुषार सहित अनेक लोग भी उपस्थित थे।



# ऐतिहासिक दशहरे में होगा विश्व स्तरीय सुविधाओं का समायोजन प्रबुद्ध जनों ने दिए विचार

## नगर निगम कोटा के मेला आयोजन समिति द्वारा आयोजित साहिब गीता कार्यक्रम में खुले मंच पर लोगों ने रखे विचार

कोटा (विनोद गौड़)।

132 वें मेला दशहरा को सहभागिता के माध्यम से और अधिक लोकप्रिय बनाकर अधिक से अधिक संख्या में इसका प्रचार प्रसार किया जा सके। मेला जनभागीदारी का पर्याय बने। कार्यक्रम एवं जन सुविधा पहले से बेहतर हो मेले में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। साथ ही मेले के माध्यम से आमजन में देशप्रेम की भावना और अधिक सशक्त हो। महिलाओं और परिवार मेले में आकर स्वयं को सुरक्षित महसूस करें। ऐसे ही अनेक सुझाव मेला एवं अन्य उत्सव आयोजन समिति को गुरूवार को शहर के प्रबुद्धजनों ने दिए। मेले के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को जवाहर नगर स्थित एलन सत्यार्थ परिसर में प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकोंए जनप्रतिनिधियों के साथ ही सामाजिकए धार्मिक और व्यापारिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने मेले को भव्यता देने के लिए अपनी बात रखी।

### 'मेले में राम का यश और कीर्ति दृष्टिगोचर हो'

मौजी बाबा आश्रम की महामंडलेश्वर डॉ. हेमा सरस्वती ने कहा कि दशहरा मेला 132 वर्ष की संस्कृति को जीवंत बनाए रखने उपक्रम है। यह मेला



सनातन की संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ने वाला है। हम राम के अनुयायी हैं तो मेले में भगवान राम का यशएगाथा और कीर्ति का मेल भी दृष्टिगोचर होना चाहिए। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि बाल प्रतिभाओं को अवसर देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय दशहरा मेला की थीम पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं।

### 'पारपरिक आयोजनों पर रहे जोर'

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि कोटा का दशहरा मेला हमारी विरासत ही नहीं गौरव भी है। पारंपरिक रूप से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के साथ मेला समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी के नेतृत्व में किए जा रहे नवाचार सराहनीय हैं। निश्चित ही मेला इस बार राष्ट्रीय पटल पर भी प्रमुख आकर्षण बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि 215 फीट का रावण मेले का विशेष आकर्षण होगा। जो देश का सबसे बड़ा रावण है। आम जन के साथ दिग्गज कलाकारों को मेले से जोड़कर इसकी रौनक और भी बढ़ जाएगी।

### 'मेले की व्यवस्थाएं हो डिजिटलाइज'

उद्यमी गोविंदराम मित्तल ने सुझाव दिया कि मेले को पूरी तरह डिजिटलाइज किया जाए। इस तरह के संसाधन तैयार किए जाएं कि मेला घूमने आए लोगों को स्वयं तथा प्रमुख दुकानों और आकर्षणों की करंट लोकेशन मिल सके। स्मार्ट पार्किंग व्यवस्था इस प्रकार हो कि ताकि मेला परिसर में प्रवेश करते ही पार्किंग में खाली जगह का पता चल जाए। मेले के लिए विशेष प्रीपेड कार्ड लांच किया जा सकता है। जिससे पूरा भुगतान कैशलैस हो सके। मेले में आने वाले लोगों की वास्तविक संख्या को रिकॉर्ड करने के लिए गेस्ट काउंट मशीनें लगें ताकि वैश्विक रिकॉर्ड के लिए दावेदारी की जा सके। एमएसएमई को भी आमंत्रित किया जाए ताकि आमजन को भारत में निर्मित उत्पाद देखने और खरीदने का अवसर मिल सके और नगर निगम की आय में भी इजाफा हो।

# बूंदी में कजली तीज महोत्सव में स्कूली बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियाँ





बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनंत दाधीच )।** बूंदी में आयोजित कजली तीज महोत्सव-2025 के अवसर पर, दिनांक 19 अगस्त को स्कूली बच्चों द्वारा एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में 89 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### अतिथियों का सम्मान और कार्यक्रम की शुरुआत

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में के. पाटन की पूर्व विधायक श्रीमती चंद्रकांता मेघवाल, नगर परिषद बूंदी के पूर्व सभापति श्री महावीर मोदी, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अखिलेश जैन, और भूरा गणेश महोत्सव 2025 समिति के संयोजक श्री महावीर जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुई।

इस अवसर पर, नगर परिषद सभापति व मेला संयोजक सरोज अग्रवाल, नगर परिषद आयुक्त धर्मेंद्र मीणा, और मेला समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों का माला, शॉल और साफा पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता राजकुमार दाधीच और राजेश शेरगड़िया ने किया, जिनकी जोरदार एंकरिंग ने कार्यक्रम में और भी चार चाँद लगा दिए।

### बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

इस सांस्कृतिक संध्या में, बच्चों ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिनमें 68 एकल नृत्य, 4 समूह नृत्य, 12 युगल नृत्य, और 5 एकल गीत शामिल थे। उन्होंने खंभा घणी, बजाओ ढोल स्वागत में, तेरी मिट्टी, म्हारी घूमर री नखराली जैसे गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसने एक भक्तिमय माहौल बना दिया।

### निर्णायक मंडल और आगामी कार्यक्रम

बच्चों की प्रतिभा को परखने के लिए निर्णायक मंडल में ख्याति भंडारी, शीला विजय, और शिवाली भटनागर शामिल थीं, जिन्होंने पूरी पारदर्शिता के साथ अपनी भूमिका निभाई।

# बूंदी में दो जगहों पर नाबालिग से दुष्कर्म, बस कंडक्टर समेत तीन आरोपी

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी जिले में एक नाबालिग लड़की के लापता होने के मामले में दिल दहला देने वाले खुलासे हुए हैं। सदर थाना पुलिस ने जब लापता हुई पीड़िता को ढूंढा और बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया, तो पूछताछ में पता चला कि लड़की को दो अलग-अलग जगहों पर दुष्कर्म का शिकार बनाया गया। इस मामले में एक आरोपी बूंदी का है, जबकि दो आरोपी जयपुर के बस कंडक्टर और उसका साथी हैं।

### क्या है पूरा मामला?

बूंदी के नैनवा रोड इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की शिकायत सदर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच शुरू की और पीड़िता को ढूंढ निकाला। इसके बाद उसे बूंदी की बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। समिति की अध्यक्ष, सीमा पोद्दार, ने जब लड़की से पूछताछ की, तो एक के बाद एक चौंकाने वाली बातें सामने आईं।

लड़की ने बताया कि बूंदी में, जहाँ उसकी माँ काम करती थी, उस घर के मालिक ने पहले उसे अपनी हवस का शिकार बनाया और फिर डराया-धमकाया। इस घटना से डरकर लड़की बूंदी से भागकर जयपुर पहुँच गई।

जयपुर में बस स्टैंड पर जब वह अकेली थी, तो एक बस कंडक्टर और उसके साथी ने भी उसे अपनी हवस का शिकार बना लिया। पीड़िता के बयान सुनकर बाल कल्याण समिति के सदस्य भी हैरान रह गए।

### पुलिस की जांच और बाल कल्याण समिति के खुलासे

इस मामले को लेकर बूंदी के डीएसपी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस ने लड़की को बरामद कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

हालांकि, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सीमा पोद्दार ने जो खुलासे किए हैं, वे पुलिस की जांच पर भी सवाल खड़े करते हैं। समिति ने बताया कि पीड़िता के बयान के अनुसार, तीन लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। इनमें से एक आरोपी बूंदी का है, जबकि दो आरोपी जयपुर के हैं - एक बस कंडक्टर और उसका साथी। फिलहाल, सदर थाना पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि सभी आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

# पार्श्व पंचकल्याणक पूजन व पर्युषण महापर्व की धूम

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा( नि.स. )।** नीचे बाजार स्थित जैन श्वेतांबर श्री सुविधिनाथ मंदिर में जैन समाज का प्रवधिराज पर्युषण महापर्व दूसरे दिन भी बड़े उत्साह और भक्तिभाव से मनाया गया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय युवा परिषद, इंदौर से पधारी चित्रा सकलेचा और प्रेमलता लालन ने धर्म आराधना व पूजन कर दिनभर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत स्नात्र पूजन से हुई। श्वेतांबर समाज के अध्यक्ष अरविंद सांकला ने बताया कि आठ दिवसीय पर्व के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग परिवारों द्वारा स्नात्र पूजन कराया जाएगा।

दूसरे दिन का स्नात्र पूजन का लाभ कुंदनमल भंडारी, मनोहर लाल कटारिया, डूंगर सिंह कटारिया और विनोद भंडारी परिवार ने लिया। समाज के सचिव जितेंद्र गोठी और कोषाध्यक्ष राकेश हिंगड़ ने बताया कि स्नात्र पूजन के बाद अष्टान्हिका वाचन हुआ तथा कल्पसूत्र की बोली लगाई गई। इसकी पहली बोली का लाभ निशांत बोहरा परिवार ने लिया। गाजे-बाजे के साथ कल्पसूत्र को मंदिर लाया गया, जिसका पूजन कर वाचन प्रारंभ किया जाएगा।

दोपहर 1.30 बजे पार्श्व पंचकल्याणक पूजन संपन्न हुआ, जिसका लाभ मितेशभाई रामणिकभाई मेहता परिवार ने लिया। पूजन-पाठ संपूर्ण विधि विधान और भजनों के साथ इंदौर से पधारी स्वाध्याय बहनों द्वारा संपन्न कराया गया। इसके बाद मूलनायक श्री सुविधिनाथ भगवान, सुप्रश्वनाथ भगवान, पार्श्वनाथ भगवान, आदिनाथ भगवान, श्री गौतम स्वामीजी, श्री दादा गुरुदेवजी और नाकोड़ा भैरवनाथजी की आंगी रचना की गई। आंगी रचना में आशा गोठी, ज्ञानलता गोठी, प्रेरणा जैन और तीर्थ जैन शामिल हुए। वहीं रंगोली सज्जा सिद्धिका तिल्लानी और हिमानी गोठी ने की। शाम 7 बजे महावीर भवन में महिलाओं व पुरुषों का प्रतिक्रमण हुआ। इसके बाद रात्रि आरती, प्रभुभक्ति और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

# वार्ड नंबर 19 में साफ सफाई नगर पालिका द्वारा कराई




बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** पूर्व पार्षद कानाराम चरण ने बताया कि नगर पालिका रावतभाटा द्वारा वार्ड नंबर 19 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड में लंबे समय से साफ सफाई नहीं हो पा रही थी तथा बरसाती मौसम में जंगली घास भी जगह-जगह उग आई थी। पूर्व पार्षद कानाराम चरण एवं लीला चारण द्वारा नगर पालिका प्रशासक से निवेदन कर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। जंगली झाड़ियां प्लास्टिक की थेलियो से नालियां जाम हो गई थी । जिसे साफ कराया गया। नालियों की सफाई जेसीबी मशीन से कराई गई तथा जंगली घास नरेगा कर्मियों द्वारा कटवाई गई। पार्षद काना राम चरण ने वार्ड वासियों से अपील किया कि हमें कम से कम पॉलिथीन का इस्तेमाल करना चाहिए। पॉलिथीन हमारे लिए बहुत खतरनाक है गायों एवं पशुओं के खाने से उनकी मृत्यु भी होती है। वार्ड वासियों से साफ सफाई रखने की अपील की गई। साफ सफाई रखने से हम कई प्रकार की मौसमी बीमारियों से बच सकते हैं पूर्व पार्षद ने संपूर्ण वार्ड में घूम कर वार्ड वासियों को साफ सफाई के बारे में समझाया। सफाई अभियान में जमादार भावना जमादार शिवा एवं जमादार अर्जुन तथा सफाई कर्मचारी मोहन व अन्य सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रेम नगर में लंच के दौरान क्लासरूम की छत का प्लास्टर अचानक नीचे गिरा





बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** शहर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, प्रेम नगर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब लंच के दौरान क्लासरूम की छत का प्लास्टर अचानक नीचे गिर गया। गनीमत यह रही कि बच्चे उस समय प्लास्टर गिरने की जगह से कुछ दूरी पर थे, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

यह घटना एक बार फिर शिक्षा विभाग की लापरवाही को उजागर करती है। स्कूल के पीपीओ ने एक महीने पहले ही शिक्षा विभाग को स्कूल की जर्जर हालत के बारे में एक पत्र लिखा था। इसके अलावा, 'बढ़ता राजस्थान' ने भी दो सप्ताह पहले इस स्कूल की जर्जर हालत के बारे में खबर छाप कर प्रशासन को आगाह किया था, लेकिन प्रशासन ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि आज बच्चों की जान खतरे में पड़ गई।

### अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

घटना की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने हालात का जायजा लिया और जल्द ही इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही। अधिकारियों ने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल को तुरंत सील कर दिया है और वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्कूल को किसी दूसरी जगह पर चलाने का प्रस्ताव दिया है। साथ ही, जर्जर हो चुके स्कूल भवन को गिराने का प्रस्ताव भी लिया गया है। इस घटना ने एक बार फिर बूंदी के सरकारी और निजी स्कूलों की बदहाली और शिक्षा विभाग की उदासीनता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बधित बाल विकास केन्द्र में 300 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** बधित बाल विकास केन्द्र, विज्ञान नगर कोटा में बुधवार को इनरव्हील क्लब के सहयोग से लगभग 300 दिव्यांग बच्चों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। अध्यक्ष चारू जैन ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन बधित बाल विकास केन्द्र उच्च माध्यमिक विद्यालय, झालावाड़ रोड पर किया गया। शिविर में बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र, दंत, कान-गला, स्त्री रोग, मानसिक स्वास्थ्य,समान्य जांच,तथा अन्य विशेषज्ञ जांच की गई। इस क्लब सचिव नीरजा कोहली,प्रीति गौत्तम,नीता जैन,अल्का शर्मा सहित कई सदस्य मौजूद रही। शिविर सुबह 11 बजे से 03 बजे तक चला।

### चिकित्सक दल की सेवाएँ

सचिव नीरजा कोहली ने बताया कि इस अवसर पर शहर के विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएँ दीं। इनमें डॉ. अशरफ बखनेता, डॉ. अंजना राजस्वार, डॉ. भारतेंद्र बैरवा, डॉ. दिनेश भेरवानी, डॉ. शेषा माथिवन, डॉ. हेमन्त कुण्डनानी, डॉ. बसंती पूनिया, डॉ. मनीषा सिंघल, डॉ. ममता गुप्ता, डॉ. राकेश सिंघल, डॉ. धर्मेश मंगला, डॉ. विनोद चौधरी, डॉ. विवेक गोयल, डॉ. विकास माहेश्वरी और डॉ. कमल आंटीवाल सहित 17 डॉक्टर ने अपनी सेवाएं दी। सभी विशेषज्ञों को क्लब की ओर से स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। निर्देशिका सर्वेश्वरी रानीवाला ने कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण और समाज में सहयोग की भावना को मजबूत बनाते हैं।

# कोटा ग्रामीण का खेड़ा रामपुर गांव, और ऑनलाइन गेमिंग पर नया कानून: बदलाव की ओर एक बड़ी पहल

### ऑनलाइन गेमिंग विधेयक 2025 का आगमन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** भारत में बीते कुछ वर्षों के दौरान डिजिटल क्रांति ने समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया है। इसी के साथ मोबाइल एवं ऑनलाइन गेमिंग का प्रभाव बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों और पूरे परिवारों तक पहुंच गया है। ऑनलाइन गेमिंग, जो मनोरंजन का एक आधुनिक माध्यम है, अब गंभीर सामाजिक, मानसिक और आर्थिक समस्याओं का कारण भी बन गया है। इन चुनौतियों को समझते हुए केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 को राज्यसभा में पारित कर दिया।विधेयक का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों को नियंत्रित करना, गलत गतिविधियों को रोकना एवं युवाओं, बच्चों, बुजुर्गों सहित पूरे समाज की सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। विधेयक में न केवल गेमिंग प्लेटफ़ॉर्म्स की स्पष्ट रूप से परिभाषा दी गई है, बल्कि इनके संचालन, मनी ट्रांजेक्शन, डेटा प्राइवेसी, और उपभोक्ताओं की सुरक्षा जैसे मुद्दों को भी शामिल किया गया है।



**कोटा के खेड़ा रामपुर गांव की घटना- समाज की पीड़ा**

करीब दो माह पूर्व इसी गांव में एक चौंकाने वाली घटना ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया था। एक दंपत्ति - 28 वर्षीय दीपक राठौड़ और उनकी पत्नी ने ऑनलाइन गेम में लगभग पाँच लाख रुपए हार जाने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना ने ऑनलाइन गेमिंग की भयावहता और उसके घातक परिणामों को उजागर किया। परिवार के सदस्यों, ग्रामीणों और पूरे समाज में उस दिन गहरा शोक था।

### सरकार का सराहनीय कदम- डॉ नयन प्रकाश गाँधी



देश के युवा मैनेजमेंट विश्लेषक पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट एवं भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन अंतराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान मुंबई विश्विद्यालय के एलुमनाई कोटा निवासी डॉ नयन प्रकाश गांधी बताते है कि यही नहीं, देश भर में असंख्य परिवार ऑनलाइन गेमिंग की लत, आर्थिक नुकसान और तनाव की स्थिति से जूझ रहे हैं। कई बच्चे, युवा और बुजुर्ग मानसिक बीमारियों, तनाव, अवसाद और सामाजिक अलगाव का शिकार हो चुके हैं। मोबाइल गेमिंग उनके लिए केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि गंभीर खतरा बन गया था।विधेयक को जैसे ही राज्यसभा में मंजूरी मिली, गांव के लोगों ने इसे सरकार का सराहनीय कदम बताया। उनका मानना है कि इससे कई लोग तनावमुक्त होंगे और आर्थिक रूप से सुरक्षित रहेंगे। डॉ. गांधी का मानना है कि विधेयक के प्रावधान, जैसे गेमिंग कंपनियों की मॉनिटरिंग, खिलाड़ियों की आयु सत्यापन, और वित्तीय लेन-देन पर निगरानी, समाज को नई सुरक्षा देंगे।

**तथ्य और आंकड़े -** अंतराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान मुंबई के एलुमनाई अर्बन प्लानिंग रिसर्चर नयन प्रकाश गांधी बताते है कि औसतन 35 प्रतिशत युवा मानसिक तनाव, अवसाद या स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिसका कारण मोबाइल और गेमिंग की अत्यधिक लत है। 2024 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में करीब 7 करोड़ लोग नियमित तौर पर ऑनलाइन गेमिंग करते हैं।2019-2024 के बीच ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े मामलों में आर्थिक नुकसान 1,000 करोड़ रुपए से अधिक आँका गया।2019-2023 में 200 से अधिक आत्महत्या के मामले सीधे तौर पर ऑनलाइन गेमिंग या आर्थिक विवशता से जुड़े पाए गए।

**स्थानीय ग्राउंड रिपोर्टर विनोद गौड के अनुसार -**खेड़ा रामपुर की घटना ने समाज के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा किया था, जिसका समाधान अब सरकार के साहसिक कदम द्वारा सामने आया है। ऑनलाइन गेमिंग विधेयक 2025 न सिर्फ युवाओं एवं बच्चों को भविष्य में ऐसे हादसों से बचाएगा, बल्कि मोबाइल व सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को भी नियंत्रित करेगा।यह विधेयक आधुनिक भारत को सुरक्षित और स्वस्थ रखने की सरकार की संकल्पना का प्रमाण है। नीति-निर्माताओं, समाजशास्त्रियों, डॉक्टरों, माता-पिता और पूरे देश के लिए यह समय है कि वे सहयोग करते हुए इसे सफल बनाएं, ताकि समाज में खुशहाली लौट सके और कोई दीपक राठौड़ एवं उसकी पत्नी जैसी त्रासदी दोहराई न जाए।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान



# मोतीडूंगरी गणेश का 351 किलो पंचामृत से अभिषेक

## महिलाएं कलश यात्रा के साथ मंदिर पहुंची; रक्षा सूत्र और हल्दी प्रसाद बांटा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में आज भगवान का पंचामृत से पुष्पाभिषेक किया गया। 351 महिलाएं कलशयात्रा लेकर पहुंची, जिसके जल से भगवान श्रीगणेश का अभिषेक हुआ। भक्तों को रक्षा सूत्र और हल्दी प्रसाद बांटा गया।

भगवान का ध्वज पूजन भी किया गया। मंदिर के शिखर पर नवीन झंडे धारण करवाए गए। मोती डूंगरी के अलावा अन्य गणेश मंदिरों में भी भगवान श्रीगणेश की मनुहार की गई। बता दें कि मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में गणेश जन्मोत्सव के तहत 9 दिन अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने बताया- मंदिर में अथर्व शीर्ष के पाठों से प्रथम पूज्य श्रीगणेश को मोदक अर्पित किए। भक्तों ने गणपति स्त्रोत, गणपति अष्टोत्तरशत नामावली पाठों से भगवान गणेश की विशेष पूजा की गई। जन्मोत्सव के तहत पुष्य नक्षत्र पर भगवान श्री गणेश का 251 किलोग्राम दूध, 25 किलोग्राम बूरा, 50 किलोग्राम दही, 11 किलोग्राम शहद और 11 किलोग्राम घी से पंचामृत अभिषेक किया गया।

### ध्रुपद और कत्थक कार्यक्रम आज से

**22 अगस्त की शाम 7 बजे मंदिर परिसर में ध्रुपद गायन कार्यक्रम होगा। अगले तीन दिन यानी 23, 24 व 25 अगस्त की शाम को कत्थक नृत्य का कार्यक्रम होगा।**

### सिंजारा और मेहंदी पूजन 26 अगस्त को

**जन्मोत्सव के इस कार्यक्रम में 26 अगस्त को प्रथम पूज्य का सिंजारा मनाया जाएगा। मोतीडूंगरी गणेश जी मंदिर के महंत कैलाश शर्मा के सानिध्य में इस दिन गणेश जी को 3100 किलो मेहंदी धारण कराई जाएगी। ये मेहंदी पाली के सोजत से मंगवाई जाएगी। मेहंदी धारण के बाद इसे श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा।**

**मेंहदी प्रसाद वितरण की व्यवस्था मंदिर परिसर में पांच स्थानों पर होगी। मेहंदी वितरण पूजा के बाद रात्रि 7:30 बजे से किया जाएगा। महिला एवं कन्याओं के लिए डोरा एवं मेहंदी की व्यवस्था अलग पंक्ति में होगी। मनोती सूत्र महिलाएं एवं पुरुष मंदिर में बांध सकते हैं। इसी दिन भक्ति संध्या व रात्रि जागरण का आयोजन भी होगा। शयन आरती 10 बजे होगी।**

# जयपुर में समय पर इलाज नहीं मिला, महिला की मौत

## परिवार बोला- डिलीवरी के बाद तबीयत बिगड़ी, डॉक्टर और स्टाफ ने हमारी नहीं सुनी

**जयपुर।** जयपुर में सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय में समय पर इलाज नहीं मिलने से आज एक महिला की डिलीवरी के बाद मौत हो गई। बताया जा रहा है कि डिलीवरी के बाद महिला को लगातार ब्लीडिंग हो रही थी, जिसे रोकने के लिए वहां डॉक्टरों और स्टाफ ने कुछ नहीं किया। इस कारण महिला डीआईसी में चली गई और उसकी मौत हो गई। इस पूरे घटनाक्रम पर अब हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. आशा वर्मा भी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। एसएमएस मेडिकल कॉलेज? प्रिंसिपल डॉक्टर दीपक माहेश्वरी ने इस मामले की शिकायत आने के बाद इसकी रिपोर्ट एचओडी और अधीक्षक से मांगी है। जयपुर में सीकर रोड पर रहने वाले महेश ने बताया- वह अपनी पत्नी तरूणा (26) को 19 अगस्त को 1 बजे भर्ती करवाने पहुंचा। पत्नी को भर्ती करने के बाद अगले दिन 19 को ही दिन में 12 बजे ऑपरेशन के जरिए डिलीवरी की। पति बताया- डिलीवरी के बाद से उसकी पत्नी की तबीयत धीरे-धीरे खराब होने लगी। उसके ब्लीडिंग लगातार होने से रात होते-होते मेरी हालत बिगड़ गई।

# अहमदाबाद स्टूडेंट मर्डर, क्लासमेट की चैट सामने आई

## दोस्त बोला- चाकू नहीं मारना था, आरोपी छात्र ने कहा- जो हो गया, वो हो गया

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में स्कूल में हुए छात्र के मर्डर मामले में इंस्टाग्राम चैट सामने आई है। इसमें आरोपी छात्र का दोस्त कहता है कि चाकू नहीं मारना चाहिए था। इस पर आरोपी स्टूडेंट बोला- जो हो गया, वो हो गया। अहमदाबाद के सेवंथ डे स्कूल में 10वीं के एक छात्र को चाकू मारा गया था। आरोपी छात्र भी 10वीं का स्टूडेंट है। वारदात 19 अगस्त (मंगलवार) दोपहर की थी। घायल स्टूडेंट को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां देर शाम उसकी मौत हो गई थी।

इस मामले में अब आरोपी छात्र की चैट भी सामने आई है। दोस्त ने आरोपी से कहा- अब अंडरग्राउंड हो जा चैट में सामने वाला साथी कहता है कि तूने चाकू मारा था। वो मर गया है। चाकू नहीं मारना चाहिए था। इस पर आरोपी स्टूडेंट ने जवाब दिया- छोड़ न, अब जो होगा, वो होगा। इस पर सामने वाला साथी कहता है- अपना ध्यान रखना, तू अंडरग्राउंड हो जा और ये चैट डिलीट कर देना।

# बूंदी में बिजली गिरने का से मां-बेटे सहित तीन की मौत

## पाली में गाड़ियां बहीं, 5 इंच तक बरसात, उदयपुर सहित 4 जिलों में अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मानसून फिर से एक्टिव हो गया है। प्रदेश में गुरुवार को 1 से लेकर 5 इंच तक पानी बरसा। मौसम केंद्र जयपुर ने राज्य में शुक्रवार को भी 4 जिलों (उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़) में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जयपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, कोटा, भीलवाड़ा, बूंदी, पाली, जालोर, बारां सहित कई जिलों में सुबह से रुक-रुककर बारिश हुई। बूंदी में बिजली गिरने का वीडियो सामने आया।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, मानसून की ट्रफ लाइन अब दक्षिण दिशा से शिफ्ट होकर अपनी नॉर्मल पोजिशन के नजदीक आ गई। शुक्रवार को ट्रफ लाइन जैसलमेर, कोटा, दतिया, सीधी, रांची (झारखंड) होकर गुजर रही है। इस कारण प्रदेश में भारी बारिश का दौर शुरू हो गया, जो अगले दो दिन और जारी रहने की संभावना है।

धौलपुर जिले के सरमथुरा थाना क्षेत्र स्थित दमोह झरने में एयरफोर्स का एक जवान डूब गया। उसके डूबते ही साथी जवान बिना किसी को सूचना दिए भाग गए। वह और उसके साथी ग्वालियर से पिकनिक मनाने आए थे।

पुलिस को 12 घंटे बाद गुरुवार सुबह 6 बजे हादसे की सूचना मिली। इसके बाद एसडीआरएफ और गोताखोरों की मदद से जवान की तलाश की जा रही है। बालोतरा जिले के इंद्राणा गांव में गुरुवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से मां-बेटे की मौत हो गई। उदयपुर के गिर्वा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सुरुपाल में बुधवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई थी।

इंद्राणा निवासी रगाराम देवासी की पत्नी मंजूदेवी (37) और बेटा सुनील (7) खेत में काम कर रहे थे। अचानक तेज गरज-चमक के साथ बिजली गिरी और दोनों इसकी चपेट में आ गए। हादसे में मां-बेटे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हनुमानगढ़ में घग्गर नदी में नहाने गए दो युवक डूब गए। इनमें से एक की




डेडबॉडी मिल गई है। वहीं, बारां में कोटा-शिवपुरी को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे डूब गया है। ऊनी गांव के पास हाईवे के ऊपर एक फीट से ज्यादा पानी बह रहा है। भीलवाड़ा में आज सुबह से हो रही बरसात के कारण सड़कें डूब गई हैं। पाली जिले में भी दो दिन से बरसात का दौर जारी है। लगातार बारिश के कारण शहर में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। बूंदी के सरकारी हॉस्पिटल में पानी भर गया है।

### अब तक 38 फीसदी ज्यादा बरसात

प्रदेश में मानसून के इस सीजन में अब तक औसत से 38 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। राज्य में 1 जून से 20 अगस्त तक औसत बरसात 326.7एमएम होती है, जबकि इस सीजन में अब तक कुल 451.5एमएम बरसात हो चुकी है।

# केंद्र बोला- राज्यों को बातचीत करके विवाद निपटाने चाहिए

## दशकों से यही प्रथा, अदालत हर समस्या का समाधान नहीं; राज्यपाल बिल पेंडिंग केस

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अगर राज्यपाल विधेयकों पर कोई फैसला नहीं लेते हैं तो राज्यों को कोर्ट की बजाय बातचीत से हल निकालना चाहिए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान अदालतें नहीं हो सकतीं। लोकतंत्र में संवाद को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हमारे यहां दशकों से यही प्रथा रही है। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भारत के राज्यपाल और राष्ट्रपति की तरफ से बिल को मंजूरी, रोक या रिजर्वेशन मामले की सुनवाई की। बेंच में सीजेआई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पी एस नरसिम्हा और ए एस चंदुरकर शामिल हैं।

### केंद्र के सुप्रीम कोर्ट में जवाब...

- मेहता ने आगे कहा कि मान लीजिए कि राज्यपाल विधेयकों पर विचार नहीं कर रहे हैं, तो राजनीतिक समाधान हैं जिन्हें अपनाया जा सकता है। ऐसा हर जगह नहीं होता कि मुख्यमंत्री अदालत की ओर दौड़ पड़ते हैं।
- ऐसे कई उदाहरण हैं जहां बातचीत होती है, मुख्यमंत्री राज्यपाल से मिलते हैं, वे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मिलते हैं और समाधान निकल आता है। कई बार फोन पर बातचीत से हल निकाला गया।
- तुषार मेहता ने आगे कहा कि दशकों से, विवादों को सुलझाने के लिए यही प्रथा अपनाई जाती रही है। प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल और राष्ट्रपति से मिलते हैं और कभी-कभी बीच का रास्ता निकल आता है।

# अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ भारत के सपोर्ट में चीन

## चीनी राजदूत बोले- चुप रहे तो दबंगई बढ़ेगी, भारत-चीन प्रतिद्वंद्वी नहीं, साझेदार हैं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली.** चीन के राजदूत शू फीहोंग ने गुरुवार को भारत पर लगाए गए 50% अमेरिकी टैरिफ की निंदा की। उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित एक प्रोग्राम में कहा कि चीन इसका कड़ा विरोध करता है। चुप रहने से दबंगई को बढ़ावा मिलता है। चीन भारत के साथ मजबूती से खड़ा है।

फीहोंग ने भारत और चीन के बीच रणनीतिक भरोसे और सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देश प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि साझेदार हैं और मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाना चाहिए। चीनी राजदूत ने कहा- भारत और चीन को आपसी संदेह से बचना चाहिए और रणनीतिक भरोसे को बढ़ाना चाहिए। दोनों देशों के लिए एकजुटता और सहयोग ही साझा विकास का रास्ता है। अमेरिका ने भारत कुल 50% टैरिफ लगाया है।

# सीएम फडणवीस से मिलने उनके घर पहुंचे राज ठाकरे

## उद्धव के साथ ठाकरे का पहला राजनीतिक प्रयोग फेल, दोनों भाई 20 साल बाद साथ आए थे

बढ़ता राजस्थान

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने राज ठाकरे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच हुई मुलाकात को महज एक औपचारिक मुलाकात बताया है। उन्होंने कहा कि इसके कोई राजनीतिक मायने नहीं हैं। राजनीति में भेंट-मुलाकात की परंपरा रही है। अजीत पवार ने वर्धा में मीडिया से बातचीत करते हुए ये बयान दिया। फडणवीस और राज ठाकरे की मुलाकात के बाद राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गईं। यह बैठक राज-उद्धव गठबंधन के पहले राजनीतिक प्रयास के असफल होने के एक दिन बाद हुई है। 20 अगस्त को हुए बेस्ट क्रेडिट सोसायटी चुनावों में राज और उद्धव के साझा उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। यूबीटी (उद्धव ठाकरे की शिवसेना) और मनसे (राज ठाकरे की पार्टी) का एक भी प्रत्याशी नहीं जीत पाया। राज और उद्धव 2005 के बाद राजनीतिक रूप से अलग हो गए थे, जिसके बाद राज



ठाकरे ने अपनी अलग पार्टी - महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बनाई थी। पिछले महीने 20 साल बाद दोनों मराठी अस्मिता को मुद्दा बनाकर एक साथ आए थे। क्या है बेस्ट क्रेडिट सोसायटी? मुंबई की बेस्ट क्रेडिट सोसायटी - नागरिक परिवहन, बिजली उपयोगिता और सहकारिता से जुड़े 15,000 कर्मचारियों और पूर्व कर्मचारियों का संगठन है। दशकों से बेस्ट चुनावों में कामगार सेना का दबदबा रहा है। कामगार सेना वैचारिक रूप से विभाजन के पहले वाली शिवसेना के साथ जुड़ी थी।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# शुभांशु शुक्ला बोले-स्पेस मिशन में डर लगता है

## लेकिन आपके पीछे भरोसेमंद टीम, जिसे आप जिंदगी सौंप देते हैं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला ने कहा कि एक्सियम मिशन के तहत हम इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में दो हफ्ते रहे। मैं मिशन पायलट था, मैं कमांडर था मैं सिस्टम को कमांड कर रहा था। आईएसएस में दो हफ्ते के दौरान हमने कई एक्सपेरिमेंट किए। कुछ तस्वीरें लीं। इसके लिए हमने कई ट्रेनिंग ली। यह एक अलग ही अनुभव था। दिल्ली में मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शुभांशु ने कहा- अगर हम कहें कि डर कभी नहीं लगता, ये कहना गलत होगा। डर सबको लगता है लेकिन हमारे पीछे एक भरोसेमंद टीम होती है जिसे हम अपनी जिंदगी सौंप देते हैं। ह्यूमन स्पेस मिशन को अंजाम देने का फायदा सिर्फ ट्रेनिंग तक ही सीमित नहीं है। वहां रहकर जो अतिरिक्त ज्ञान हमें मिलता है, वह अमूल्य है। पिछले एक साल में मैंने जो भी जानकारी इकट्ठा की है, वह हमारे अपने मिशनों, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए बेहद उपयोगी होगी। बहुत जल्द हम अपने कैप्सूल से, अपने रॉकेट से और अपनी धरती से किसी को अंतरिक्ष में भेजेंगे। यह अनुभव जमीन पर सीखे गए अनुभवों से बहुत अलग होता है। शरीर कई बदलावों से गुजरता है। अंतरिक्ष में 20 दिन बिताने के बाद शरीर ग्रेविटी में रहना भूल जाता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. ) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )